हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 05.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 341 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

# पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को ईडी की टीम के द्वारा बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के बरवाडीह स्थित समाधान भवन समेंत चार लोगों के यहां मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर छापामारी की गई है। जिसमें बालू कारोबारी शिवाडीह निवासी आजसू के प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, पंचम कुमार तथा बड़कागांव हजारीबाग रोड प्रेम नगर स्थित मंटू सोनी के यहां ईडी की टीम ने छापेमारी की है। बड़का गांव में सभी जगह एक साथ सुबह 6:35 बजे कार्रवाई शुरू की गई। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के समाधान भवन में ईडी ने तकरीबन 10 घंटे तक छापेमारी की जिसमें टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज ले गए। शिवाडीह गांव निवासी मनोज प्रसाद दांगी के यहां ईडी की टीम ने बालू से संबंधित आवश्यक डायरी बरामद की है इसके अलावा जमीन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किया। वही एक अन्य शिवाडीह गांव निवासी पंचम कुमार के यहां भी छापेमारी हुई जिसमें हजारीबाग में नव निमार्णाधीन भवन में भी जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक शिवाडीह में दोनों जगह ईडी की टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही थी। वही मंटू सोनी के यहां 8 घंटे तक तक छापेमारी की गई। मंटू सोनी घर पर नहीं थे वह कोर्ट में थे। इस दौरान ईडी की टीम ने परिवार वालों से मंटू के बारे में पूछताछ की। वहीं मंटू सोनी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि योगेंद्र साव परिवार के साथ मेरा कभी संबंध नहीं रहा है। 8 - 10 साल पुराना केस मुकदमा में उनके नाम के साथ मेरा भी नाम जुड़ा हुआ है, बस इतना ही मैं बता सकता हूं। ईडी हमसे जब चाहे तब पूछताछ कर सकती है, मैं हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार हूं।

बड़कागांव में ईडी की छापेमारी को लेकर तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो यह कोयला ट्रांसपोर्टिंग और नदियों से अवैध बालू उत्खनन, बालू स्टॉक यार्ड मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है। चलान कहीं और का तो बालू कहीं और की बात सामने आ रही है। बताते चलें कि इसके पहले 16 माह पूर्व 2024 में 18 मार्च को भी ईडी की टीम ने बड़का गांव में बालू कारोबारी बिंदु दांगी और गोसाई बलिया में एक व्यक्ति के यहां छापेमारी की गई थी।

## दबाव बनाने के लिए लगातार ईडी पहुंच रही घर, बैरंग लौट रही वापस : अंबा प्रसाद



**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के घर ईडी की छापेमारी खत्म हो चुकी है। ईडी को वहां से कुछ भी हासिल नहीं हो पाया है। यह दवा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने किया है। उन्होंने ईडी की छापेमारी के दौरान एक ट्वीट किया और कहा कि उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग की एडवाइजरी काउंसिल में वरिष्ठतम नेताओं के साथ जगह मिली है। बिहार इलेक्शन में भी उन्हें बड़ा दायित्व पार्टी ने दिया है। बंगाल में भी उन्होंने कई राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। यह सब देखकर विपक्षियों की हालत खराब हो रही है। दबाव बनाने के लिए ईडी से छापेमारी कराई गई। पिछले बार भी जब छापेमारी हुई थी तब चुनाव का वक्त था। उस समय भी ईडी को कुछ नहीं मिला। वर्तमान समय में भी बैरन ही लौटे हैं। अंबा प्रसाद ने यह भी कहा कि ईडी की छापेमारी तो मात्र 1 घंटे तक चली। 5 घंटे वे सिर्फ बैठकर इंतजार करते रहे। 6 घंटे के बाद वे लोग खुद ही वापस चले गए। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू कांग्रेस पार्टी के एक कद्दावर नेता हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी का प्रोजेक्ट जब से शुरू हुआ है तब से उनपर दबाव बनाया जाता रहा है। भाजपा की सरकार जब झारखंड में थी, तब योगेंद्र साहू को जिला बदर तक कर दिया गया था। लेकिन वर्तमान समय में एनटीपीसी गलत तरीके से लोगों की जमीन हड़पने का काम कर रही है। एनटीपीसी प्रबंधन प्लांट क्षेत्र का विस्तार करते हुए केरेडारी के उस एरिया में पहुंच गई हैं जहां जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है। वे लोग ग्रामीणों की जमीन पर हड़पना चाहते हैं। उस इलाके में योगेंद्र साहू की जमीन पड़ती है। जिसकी वजह से उनका विरोध खुलकर सामने आ गया है। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण का गजट सार्वजनिक रूप से उन्हें नहीं दिखती है, उस क्षेत्र में कंपनी को काम करने नहीं देंगे।

## एक नजर

### मंत्री इरफान अंसारी को मिली जान से मारने की धमकी



**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को गुरूवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने मंत्री को 24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी और अपशब्द भी कहे। यह धमकी फोन नंबर 7903928578 से दी गई, जब मंत्री दिल्ली में थे। अंसारी ने इस घटना की जानकारी रांची एसएसपी को दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मंत्री ने इसे गंभीर साजिश बताते हुए कहा कि वह डरने वाले नहीं हैं और जनता की सेवा करते रहेंगे। पुलिस ने कॉल नंबर को ट्रेस कर कॉलर की पहचान के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

### दलाई लामा के उत्तराधिकारी विवाद पर तिलमिलाया चीन

**नयी दिल्ली :** तिब्बत मुद्दे पर भारत–चीन के बीच तनाव बढ़ता दिख रहा है। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू द्वारा दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर दिए गए बयान पर चीन ने सख्त आपत्ति जताई है। रिजिजू ने कहा था कि दलाइ लामा के उत्तराधिकारी का चयन सिर्फ वही या उनकी संस्था गदेन फोडरंग ट्रस्ट ही कर सकती है, कोई और नहीं। चीन ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारत को तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर सावधानीपूर्वक बोलने और कदम उठाने की सलाह दी है ताकि दोनों देशों के बीच रिश्तों पर नकारात्मक असर न पड़े। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा: भारत को 14वें दलाइ लामा के अलगाववादी स्वभाव और चीन विरोधी गतिविधियों के बारे में स्पष्ट होना चाहिए और तिब्बत मुद्दे पर भारत ने जो वचन दिए हैं, उनका पालन करना चाहिए। माओ ने कहा कि दलाइ लामा और पंचेन लामा के पुनर्जन्म की प्रक्रिया में ऐतिहासिक परंपराओं और धार्मिक रस्मों के तहत 'गोल्डन अर्न' से नाम निकाला जाता है और केंद्रीय सरकार की मंजूरी जरूरी होती है।

# देश के कई राज्यों में बारिश का कहर गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से की बात

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** देश के कई राज्यों में मानसून के दस्तक देते ही भारी बारिश ने मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में भारी बारिश के कारण आई आपदा ने जमकर तबाही मचाई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। शाह ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। जरूरतमंद लोगों के लिए इन राज्यों में एनडीआरएफ की पर्याप्त टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और टीमें भेजी जा सकती हैं। केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम सहित राज्य के विभिन्न आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ/आईटीबीपी को तत्परता से तैनात किया जा रहा है, ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### केंद्रीय गृह मंत्री का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार : धामी

उन्होंने आगे कहा, साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में भी उन्होंने आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार।बता दें कि भारी बारिश के कारण सबसे अधिक हिमाचल प्रदेश प्रभावित हुआ है। यहां जान माल का काफी नुकसान हुआ है और कई लोग अचानक आई आपदा के बाद से लापता हैं।

# सरकार का बड़ा कदम, पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार सेवा केंद्रों की होगी स्थापना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। गुरुवार को राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा कॉमन सर्विस सेंटर - स्पेशल परपज व्हीकल के बीच एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत राज्य के पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। यह सुविधा अब ग्रामीण जनता को उनके स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें आधार से संबंधित सेवाओं के लिए दूरस्थ शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। यह कदम समय, श्रम और संसाधनों की बचत के साथ-साथ डिजिटल समावेशन को भी बढ़ावा देगा। यह पहल झारखंड वित्त नियमावली के नियम 245 के अंतर्गत विशेष स्वीकृति के तहत संभव हो पाई है, जिसमें राज्य सरकार ने सीएससी-एसपीभी को पंचायत भवन में आधार सेवाएं संचालित करने की अनुमति प्रदान की है। झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस अवसर पर कहा, यह समझौता झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी प्रयास है। इससे न केवल आधार सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि पंचायत सचिवालय डिजिटल सेवा केंद्रों के रूप में सशक्त बनेंगे। पुराने सभी इकरारनामों को रद्द कर अब यह नई व्यवस्था यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित इन-हाउस मॉडल के अंतर्गत लागू की जाएगी।

# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला : एचसी ने ईदगाह को 'विवादित ढांचा' मानने से किया इनकार

एजेंसी



**मथुरा :** मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित परिसर मानने से इनकार कर दिया है। यह फैसला जस्टिस राम मनोहर मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि मौजूद तथ्यों और याचिका के आधार पर ईदगाह को फिलहाल विवादित ढांचा घोषित नहीं किया जा सकता। हिंदू पक्ष की ओर से दावा किया गया था कि ईदगाह का निर्माण श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर स्थित प्राचीन मंदिर को तोड़कर किया गया। हिंदू पक्ष के पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। इस पर 23 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने मासिर ए आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए कोर्ट के समक्ष कहा था कि वहां पहले मंदिर था, वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका। साथ ही न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है और न ही नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड है। न कोई टैक्स दिया जा रहा। उनका दावा है कि शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट भी भी हो चुकी है, फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए ऐसे में मस्जिद विवादित ढांचा घोषित हो।

बहस के दौरान खास बात ये रही कि सभी हिन्दू पक्षकारों ने महेंद्र प्रताप सिंह की ही दलीलों का समर्थन किया था और 23 मई को इस मामले में न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र के न्यायालय में बहस पूरी हो गई।

## बाल विकास मंत्री ने किया सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन

# यह एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है : अन्नपूर्णा देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में मंत्रालय की ओर से संचालित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। पूर्वी क्षेत्र में प्रथम तथा देश का छठा, यह क्षेत्रीय केंद्र अपने नवाचार और नीतियों से क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा, ऐसी परिकल्पना है। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज यहां नया क्षेत्रीय केंद्र शुरू कर रहे हैं, यह केवल एक उद्घाटन का अवसर नहीं बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है। जब हम एक महिला की सुरक्षा और एक बच्चे की मुस्कान को विश्वास में बदलते हैं तब हम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों-मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।

इससे पहले, इन राज्यों के पास इस तरह की समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थीं। आमतौर पर गुवाहाटी और लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्रों पर निर्भर राज्यों को रसद सम्बंधी कठिनाइयां आती थीं। रांची केंद्र प्रमुख संसाधनों और बुनियादी ढांचे को क्षेत्र-स्तरीय श्रमिकों के करीब लाकर इन बाधाओं को दूर करेगा और इससे सभी तक सेवाओं को प्रभावी ढंग से वितरित करने की उनकी क्षमता बढ़ेगी।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की। भारत की बेटियां किसी से कम नहीं हैं, कहते हुए उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को समान अवसर देकर देश के विकास में उनका योगदान और सशक्त बनाया जाए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने संस्थान के शुभारंभ को सराहा और महिला तथा बाल विकास में इसे एक मील का पत्थर साबित होने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा जब परिवार की एक स्त्री पढ़ती है तो उसका पूरा परिवार आगे बढ़ता है।

इस क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मंत्री अन्नपूर्णा देवी के दूरदर्शी नेतृत्व में एक व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। इसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक सहयोग और बाल विकास संस्थान का आधिकारिक नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला और बाल विकास संस्थान करना शामिल है।

# पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** पुलिस ने जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में शुक्रवार को छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन, असीम टोपनो और अजीत टोपनो उर्फ डुडा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, पीएलएफआई का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में शुक्रवार को बताया कि तड़के सुबह उन्हें यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में प्रतिबंधित पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्य किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को हथियार गोली एवं पीएलएफआई संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गत 26 मई की रात में रनिया थानांतर्गत रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को जलाने की घटना में गिरफ्तार आरोपित शामिल थे। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से रोड रोलर को जलाने की उक्त घटना में संगठन के अन्य सदस्यों के साथ शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है।

यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध जिले के कर्रा थाना में पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2020 में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला कांड संख्या 58/ 20 दर्ज है। इस मामले में गिरफ्तार कर उसे जेल भी भेजा गया था। लेकिन जेल से निकलने के बाद वह फिर से पीएलएफआई संगठन से जुड़कर संगठन के विस्तार में जुटा था। छापेमारी टीम में तोरपा एसडीपीओ के अलावा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई कुलदीप रौशन बारी एवं मनीष कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर

### एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के अधिकारियों से हुई ग्रामीणों की वार्ता



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक एवं एमडीओ बीजीआर कंपनी के अधिकारियों और अंबाजीत गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक हुई ग्रामीणों ने एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी के अधिकारियों के समक्ष बारी-बारी से अपने विचार रखें ग्रामीणों ने सर्वप्रथम विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़क और बिजली दुरुस्त करने की मांग रखी इन मांगों पर कंपनी के अधिकारियों ने अस्वस्थ करते हुए जल्द ही विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सड़क और बिजली दुरुस्त करने की बात कही । इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कंपनी को सहयोग करने की बात कही है। बैठक में एनटीपीसी के अधिकारियों में मुख्य रूप से विनोद भोयर, एम एच मंजूनाथ एवं सुरजीत चौधरी के अलावा अन्य ग्रामीण और रैयत उपस्थित थे।

### हाथियों के झुंड ने बड़कागांव के महुदी गांव का कब्रिस्तान का बाउंड्री क्षतिग्रस्त



बड़कागांव : पिछले 10 दिनों से बड़का गांव प्रखंड में हाथियों का उत्पात जारी है । गुरुवार रात्रि 9:30 बजे हाथी की झुंड ने महूदी गांव के कब्रिस्तान के दो जगह पुराने एवं एक जगह बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर दिया।अब तक 240 किसानों को फसल का नुकसान एवं 55 ग्रामीणों का घर क्षतिग्रस्त हुआ है। हाथी का झुंड महुदी गांव पहुंचा और महुदी पहाड़ डूमारो नदी के आसपास जंगल में देर शाम तक विचरण कर रहा है। विगत 10 दिनों से हाथियों का विचरण बड़कागांव प्रखंड जंगलों में हो रहा है। हाथी को भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा प्रयास किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द ग्रामीणों को भय मुक्त किया जा सके।

### मुहर्रम को लेकर चौपारण में पुलिस-प्रशासन सतर्क गांवों में किया गया फ्लैग मार्च

चौपारण : मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चौपारण प्रखंड में पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौपारण पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च भदेल, महारगजंग, चायला समेत विभिन्न संवेदनशील गांवों में किया गया। मार्च के दौरान आम लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई और अफवाहों से दूर रहने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च में अंचल अधिकारी (सीओ) संजय कुमार यादव, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे। अधिकारियों ने कहा कि शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मुहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है। प्रशासन द्वारा जुलूसों की अनुमति संबंधित दिशानिर्देशों के तहत ही दी जा रही है और लाइसेंसधारी समिति से सभी आवश्यक सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं।

# गर्भवती महिला का प्रसव के दौरान मौत, परिजनों ने किया हंगामा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



चौपारण : प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केंद्र चयकला से सेवानिवृत्त एएनएम अरुणा सिन्हा के आवास में बेलाही पंचायत की एक गर्भवती महिला का प्रसव व 7 से आठ घण्टे के बाद प्रसूता की मौत के बाद परिजनों द्वारा ए एनएम के आवास पर जमकर तोड़फोड़ की गई। जानकारी के अनुसार बेलाही पंचायत के ग्राम बेलाही के नागेश्वर ठाकुर अपनी छोटी बहू बबिता देवी पति पंकज ठाकुर उम्र लगभग 25 वर्ष के प्रसव के लिए गुरुवार को सुबह सेवानिवृत्त एएनएम अरुणा सिन्हा के आवास पर लेकर गए थे। इस दौरान दोपहर में प्रसूता ने एक बच्चे को जन्म दी। बच्चे के जन्म के बाद महिला की तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद सेवानिवृत्त ए एनएम द्वारा प्रसूता को हजारीबाग रेफर कर दिया गया, पर परिजनों द्वारा रेफर के काफी देर बाद प्रसूता को चौपारण के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे हजारीबाग ले जाने को कहा गया। उसके बाद प्रसूता को आयोग्यम अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद परिजन सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी मृतक के चचेरे भाई ने दी। प्रसूता के मौत के बाद गुरुवार देर रात परिजनों ने प्रसूता के शव को एएनएम के आवास पर लाकर जबरन गेट के अंदर शव को रखकर हंगामा करने लगे। यह देख एएनएन अरुणा सिन्हा किसी तरह से अपना जान बचाई। इसके अगले दिन शुक्रवार सुबह से दोपहर तक परिजनों द्वारा फिर से आवास पर पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ की गई और एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाकर बड़ी रकम की डिमांड करने लगे। पर जब बात नहीं बनी परिजनों ने चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी थी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि जांचोंउपरांत अग्रेतर कारवाई की जाएगी। घटना के संबंध में एएनएम अरुणा सिन्हा ने कहा कि महिला का पूर्व में बच्चा ऑपरेशन से हुआ था इस बार भी खून की कमी रहने के कारण डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी थी। जिसके बाद मैंने परिजनों को समझाया था कि यहां उचित व्यवस्था नहीं है आपलोग महिला को बाहर ले जाएं पर उन लोगों ने नॉर्मल डिलीवरी करने के लिए मुझ पर लगातार दबाव बनाते रहे। काफी दबाव के बाद प्रसव किया गया। इस दौरान ज्जा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे, पर खून की कमी के कारण बेहतर इलाज के लिए सलाह दी गई। पर महिला के परिजनों ने प्रसूता को अढ़ाई से तीन घण्टा के बाद चौपारण ले गए और उसके बाद हजारीबाग ले गए। फिर देर रात परिजन अचानक से महिला के शव के साथ हमारे आवास में आकर हंगामा शुरू कर दिया। और शव को जबरन मेरे आवास में रख दिया। फिर शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक भी जमकर हंगामा करते हुए आवास में तोड़फोड़ की गई।

## पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का लिया हालचाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती झारखंड मुक्ति मोचा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का हालचाल जानने पहुंचे। उन्होंने शिबू सोरेन की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ईश्वर से गुरुजी शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला अपने प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिबू सोरेन का कुशलक्षेम जाना और जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। साथ ही मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी और वर्तमान में बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर से भी उनकी आत्मीय भेंट हुई।

## विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु से 65 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था रवाना, दिखा भक्ति और उत्साह का माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामु गांव से धूमधाम से रवाना हुआ। अचलजामु स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह खोखा सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मांडू विधानसभा क्षेत्र की मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, भाजपा नेता जुगनू सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल- तासे के साथ पुष्प- वर्षा कर यात्रियों को यात्रा के लिए शगुन करके रवाना किया। इससे पूर्व यहां पहुंचे सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने अंग- वस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

## हाथी के हमले ने छीना बेटा, मुन्ना ने थामा परिजनों का हाथ, मुआवजा दिलाने में निभाई सक्रिय भूमिका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : ज़िले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की असमय मृत्यु ने पूरे इलाके को शोक और पीड़ा में डुबो दिया है। शुक्रवार की सुबह जब रंजीत शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना न केवल एक परिवार को उजाड़ गई, बल्कि पूरे समाज को मानव और वन्यजीव के बीच बढ़ते संघर्ष की भयावहता का एहसास भी करा गई। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुँचे। जहां उन्होंने पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखियां पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवजा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को दी जाएगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक और पारिस्थितिकीय चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव को अब गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## लबनिया मोड़ से जोरदाग गांव तक हाईवे के द्वारा रोड को नक्शा बदल दिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



केरेडारी : केरेडारी प्रखण्ड और चट्टी बरियातू कोयला परिवहन हेतु बनाए गये 2.2 डट रोड का अंचलाधिकारी ने एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण। उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ क्षतिग्रस्त कोयला परिवहन मार्ग का निरीक्षण किया और अतिशीघ्र मरम्मती का कार्य पूर्ण कर परिवहन मार्ग को सुचारू रूप से चालू करने का निर्देश दिया। जिससे आम ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा हो और कोयला का परिवहन भी होता रहे। चट्टी बरियातू में कोयला परिवहन करने वाले हाईवे एवं ट्रक के द्वारा किया जाता है यह रोड का नक्शा बदल दिया है इस रोड में ग्रामीणों को आवागमन बंद हो गया है जिससे कई ऐसी प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के सहयोग से रोड को मरामाती करवाने में जुटे हुए हैं लेकिन सारा लापरवाही पीएम के ट्रांसपोर्टर मोहन कुमार के द्वारा किया जा रहा है यह लापरवाही देखते हुए हाईवे मलिक ने केरेडारी की कृषि फार्म मैदान में हजारों हाईवे खड़ा कर दिए हैं क्योंकि रोड का स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण से कभी भी कोयला लोड हाईवे क्षतिग्रस्त हो सकता है अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वार्णवाल के द्वारा ट्रांसपोर्टर एवं रोड में चलने वाले हाईवे मालिकों को हिदायत दिए की सबसे पहले रोड को मरूमती किया जाए उसके बाद कोयला वाहन करने में सुविधा होगी।

# उपायुक्त का लगा जनता दरबार, एक दर्जन फरियादियों ने लगाया गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, अवैध भूमि कब्जा, भूमि विवाद, भमि अतिक्रमण, विद्यालय में बच्चों का नामांकन, गाली-गलौज, मारपीट जैसी शिकायतें शामिल रहीं। कुम्हार टोली से प्रीति देवी ने भू माफियाओं द्वारा जमीन का अवैध कब्जा मुक्त करने के सम्बन्ध में उपायुक्त को आवेदन दिए। झुमरा ग्राम के दारू प्रखंड से सुरेश पासवान ने दूसरे पक्ष द्वारा जबरन जमीन पर खेत जोतना में रुकावट डालने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा उत्तरी शिवपुरी से महेंद्र प्रजापति ने दूसरे पक्ष द्वारा घर में घुसकर जमीन के दस्तावेज चोरी करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। केरेडारी प्रखंड से राजेंद्र ठाकुर ने अपने भूमि का मुआवजा हेतु आवेदन समर्पित किए। बादाम बड़कागांव प्रखंड से सहदेव राम ने अपने बेटे-बहू के द्वारा प्रताड़ना करने, एवं घर से बेघर करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन समर्पित किए। नंदगांवा ग्राम चालकुशा प्रखंड से प्रकाश साव ने सरकारी गैर मजरुआ जमीन पर दूसरे पक्ष द्वारा जबरन अतिक्रमण करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। ग्राम फफूंदी प्रखंड इचाक के ग्रामीणों द्वारा विकलांग मृतक के परिजन सहायता एवं तत्काल राहत के लिए खाद्य सामग्री एवं रहने के लिए व्यवस्था हेतु उपायुक्त को आवेदन सौपें। दांडी ब्लॉक के शनिचरा बिरहोर ने दूसरे पक्ष द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने एवं गाली-गलौज करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन दिए। कुम्हारटोली से सोनी कुमारी ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण, बीपीएल के आधार पर अपने बच्चे का नामांकन विद्यालय में कराने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया करमा के द्वारा फसल किट एंव धन मक्का का हुआ वितरण




बड़कागांव : भारतीय कृष अनुसंधान संस्थान गौरियां करमा द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना की एससी के अंतर्गत खरीफ फसल वर्ष 2025 एससी जाति के लिए बड़कागांव प्रखंड के ग्राम पंचायत चोपदार बालिया में 175 किसानों के बीच धान, मक्का और सब्जी के उन्नत किस्म के बीज मुफ्त में वितरण किया गया। बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बालिय से जुड़े लगभग हर गांव से किसान एकत्रित हुए और उनको खेती के नए तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे आईसीएआर गोरिया करमा से वैज्ञानिक डा आशा कुमारी, डा प्रभात कुमार गुरू तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक ,के द्वारा प्रदान किया गया। और साथ ही एफपीसी के बीओडी यशोदा देवी भी वहा उपस्थित थी। उक्त सभी बीज महिला किसान बड़कागांव प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बड़कागांव के द्वारा वितरण किया गया। आईसीएआर के तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि जो भी बीज किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है ये सभी उन्नत किस्म के बीज हैं और उपज के बाद इसको अगले वर्ष के लिए भी बीज रख सकते हैं तैयार कर सकते हैं ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा उपज प्राप्त हो सके। वही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दिए गए। किसानों के बीच काफी काफी खुशी देखी गई।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के समर्थन में 25 लोगों ने दिया त्यागपत्र



बड़कागांव : लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी से निष्कासित किए जाने पर हम लोग काफी मर्माहत हैं । जिसे लेकर सुनील साहू के समर्थन में लगभग दो दर्जन लोगों ने इस्तीफा दिया है। अभी तक त्यागपत्र देने वालों में मेरे अलावा हजारीबाग जिला से प्रदेश सचिव राम विलास साव, चतरा जिला से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार डोम एवं प्रदेश सचिव शम्भु प्रजापति , बोकारो जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष जोधन नायक, लातेहार जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष राजु रंजन प्रसाद , गिरिडीह जिला से प्रदेश महासचिव भागवत साह, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पलामु जिला से प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद साहू, धनबाद जिला से प्रदेश सचिव अशोक साव, गढ़वा जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता, चतरा जिलाध्यक्ष मुरारी साव, लातेहार जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू , गिरिडीह जिलाध्यक्ष शिव शंकर साहू , हजारीबाग जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार साहू , चाईबासा जिलाध्यक्ष शशिकांत ठाकुर, बोकारो जिलाध्यक्ष संतोष साव समेत अन्य जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नन्दलाल साव एवं तारीक साव व अन्य शामिल हैं ।

### पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च,भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील



बड़कागांव : मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बड़कागांव थाना से शुरू होकर बड़कागांव मुख्य चौक, काली मंदिर होते हुए हरिजन मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, रेंज ऑफिस इत्यादि जगहों में निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों से आपसी भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नमेधारी रजक, एसआई आशीष भगत, एएसआई हादी खान, बादम के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास के अलावा दर्जनों सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### धीरूभाई अंबानी के पुण्य तिथि पर जिओ ऑफिस में लगा रक्तदान शिविर : निर्मल जैन



हजारीबाग : शुक्रवार को रिलायंस के फाउंडर चेयरमैन धीरूभाई अंबानी की पुण्यतिथि में संपूर्ण भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इसी क्रम में हजारीबाग के जिओ ऑफिस में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से स्थानीय कलु चौक स्थित जिओ ऑफिस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन , जिओ सेंटर मेनेजर मनोज कुमार, एडमिन विमलेंदु मंडल ,सीएमपी लीड प्रशांत सिंह,एल2आर एफ चंद्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।शिविर का शुभारंभ जिओ सेंटर एडमिन विमलेंदु मंडल में रक्तदान कर के किया तत्पश्चात पवन कुमार विश्वकर्मा,प्रशांत कुमार, चंद्रदीप कुमार, शंकर प्रसाद मेहता राकेश यादव आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, श्री जैन ने अन्य संस्थाओं को भी अपने मांगलिक दिनों में रक्तदान शिविर आयोजित कर लोगों की जान बचाने में मदद करनी चाहिए। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा 6 जुलाई को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में प्रातः 10:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक में किया गया बदलाव, नहीं कटेगी बिजली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने राजधानी रांची का ट्रैफिक रुट छह जुलाई को बदल दिया है। यह बदलाव छह जुलाई को सुबह 10 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। वहीं मुहर्रम में बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। इसे लेकर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम भी सूचना जारी कर चुका है। जारी सूचना में कहा है कि ताजिया, वाहनों पर लगे साउंड सिस्टम व झाकियों की अधिकतम ऊंचाई चार मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## इन सड़कों पर वाहनों के परिचालन पर रहेगा रोक

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक में परिचालन बंद रहेगा।
- शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
- सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक में में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा।
- एसएन गागुंली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा।
- सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- जैप वन कमांडेंट आवास मोड़ से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

## एक नजर

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन कल केंद्रीय कानून मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई को धनबाद के राजविलास रिजॉर्ट में होगा। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल होंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराएंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया और निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया मौजूद रहेंगे। यह अधिवेशन नई उमंग के साथ संगठन को नई दिशा प्रदान करेगा।

### आउटसोर्स कर्मियों के हक में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 1 जुलाई 2025 को पारित आदेश के अनुरूप झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने आज झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन निगम के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान एवं समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने की मांगों को लेकर सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम में वर्षों से कार्यरत तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रमिकों को अब तक न तो न्यूनतम वेतनमान मिल रहा है। और न ही संविधान प्रदत्त ₹समान कार्य के लिए समान वेतन₹ के सिद्धांत का पालन हो रहा है। उन्होंने इसे न्यायालय की भावना और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध बताया। राय ने कहा कि संघ न्यायालय के आदेश को केवल कानूनी पहलू नहीं, बल्कि श्रमिकों के जीवन, गरिमा और अधिकारों से जुड़ा एक संवेदनशील मुद्दा मानता है। यदि निगम प्रशासन इस दिशा में शीघ्र और न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं करता है, तो संघ राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा।ज्ञापन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में अधिकृत अधिकारी को सौंपा गया। संघ ने आशा व्यक्त की है कि निगम सकारात्मक निर्णय लेकर न्यायालय के आदेशों का सम्मान करेगा और आउटसोर्स कर्मियों को उनका वाजिब हक प्रदान करेगा।

### सफाई कर्मचारियों के साथ एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**रांची :** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का स्थापना दिवस शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना ने सफाई कर्मचारियों को भोजन, पानी और मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर एनएसयूआई को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौ अप्रैल 1971 को केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल छात्र संघ परिषद को मिलाकर एनएसयूआई छात्र संगठन की स्थापना की थी। तब से हर वर्ष नौ अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्र राजनीति में है। यह संगठन एक प्रेरणादायी स्तम्भ के रूप में कार्यरत है।

## संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने की आगामी नौ जुलाई को हड़ताल की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने आगामी नौ जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियों की घोषणा कर दी है। यह जानकारी भाकपा नेता अजय सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि मजदूर, किसान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान किया गया है।

मौके पर संयुक्त मंच के वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार चार श्रम संहिताओं के जरिए स्थायी रोजगार, ट्रेड यूनियन और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकारों को खत्म करने की साजिश कर रही है। हड़ताल की 17 सूत्री मांगों में 26,000 न्यूनतम वेतन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली,




आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाना, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक और किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी सहित अन्य मांगें शामिल है।

वक्ताओं ने कहा कि यह हड़ताल सिर्फ एक दिन की नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष की शुरूआत है। प्रदेश भर में नुक्कड़ सभाएं, जनसंपर्क अभियान, बाइक रैली, मशाल जुलूस और नौ जुलाई को पुतला दहन एवं सड़क जाम किया जाएगा। प्रेस वार्ता को शुभेंदु सेन, अशोक यादव, अनिर्बान बोस, सुफल महतो सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## मंत्री ने किया नेपाल हाउस का औचक निरीक्षण अनुपस्थित अधिकारियों को किया जाएगा शोकॉज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के अचानक पहुंचने से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभाग के सभी कोषांगों का दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी, पदाधिकारी और अधिकारी अपने-अपने दफ्तरों में अनुपस्थित पाए गए। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों से उनके कार्य और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली। निरीक्षण के क्रम में कुछ पदाधिकारी अपने सहयोगी



कर्मियों को लेकर बहाने बनाते नजर आए, जबकि कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते कार्यालय पहुंचे।

बायोमैट्रिक प्रणाली से आज की उपस्थिति का डेटा एकत्र किया गया है। कार्यालय में निर्धारित समय के बाद पहुंचे पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। इस सूची के आधार पर अनुपस्थित अधिकारियों और पदाधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यस्थल पर सभी कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि समय की पाबंदी और अनुशासन बेहतर कार्य संस्कृति के लिए अनिवार्य है, और कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

## बेरोजगार युवाओं के प्रति संवेदनहीन है हेमन्त सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के सवालों पर हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित कराई थी। सरकार के कुव्यवस्था और हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन हेमंत सरकार गठन के छह माह बीत जाने के बाद भी लिखित परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर



संशय बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा हेमंत सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं। साधन संपन्न धनाढ्य परिवार में जन्म लेने के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने युवावस्था में साधारण युवकों के संघर्ष को महसूस नहीं किया है। इसलिए उनकी शासन पद्धति में भी युवाओं के प्रति संवेदनहीनता नजर आती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सारी शर्म हया त्यागकर युवाओं के मुद्दे से बेपरवाह नजर आते हैं। जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट और युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फजी आश्वासन।

## पुरूलिया रोड पर सड़क किनारे अवैध पार्किंग, अतिक्रमण हटाओ अभियान बेअसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पुरूलिया रोड में पैदल चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि फुटपाथ पर ठेले और खोमचों का अवैध कब्जा बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर छात्रों द्वारा की जा रही अवैध पार्किंग से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संत जेवियर कॉलेज के सामने छात्रों ने सड़क पर ही अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग कर रखी है, जिससे इस मार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां तक कि पास के सरकारी अस्पताल से निकलने वाली एम्बुलेंस भी अक्सर जाम में फंस जाती है। जिस सड़क को सामान्य रूप से पार करने में 30 सेकेंड लगते हैं, वहां लोगों को अब 15-20 मिनट लग जाते हैं। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा



है, लेकिन उसका असर पुरूलिया रोड पर दिखाई नहीं दे रहा है।

### कॉलेज परिसर में पार्किंग की सुविधा के बावजूद सड़क पर पार्किंग

कॉलेज परिसर में वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद सैकड़ों छात्र जानबूझकर सड़क किनारे वाहन खड़ी कर रहे हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। कॉलेज गार्ड का कहना है कि छात्रों को कई बार समझाया गया, लेकिन वे बात नहीं मानते। वे अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ी कर क्लास करने अंदर चले जाते हैं। गार्ड ने यह भी बताया कि इस इलाके से कई बार वाहन चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं।

## पारस अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, 5 गोली लगे मरीज का 15 घंटे बाद भी नही हुआ इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गुमला के भरनो इलाके में बीते गुरुवार को हेमंत कुमार नाम के व्यक्ति को जमीनी विवाद को लेकर 5 गोली मारी गई। जिसमें 4 गोली उसके शरीर में लगी और एक गोली छू कर निकल गई। घायल अवस्था में परिजनों ने आनन-फानन में रांची के पारस अस्पताल में इलाज के लिए संपर्क किया। अस्पताल द्वारा कहा गया कि उनके पास सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं और मरीज का इलाज हो जाएगा। लेकिन जब घायल को अस्पताल ले जाया गया तो 15 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका इलाज नहीं किया गया। इस पर परिजनों ने



अस्पताल में जमकर हंगामा किया और फिर मरीज को रिम्स ले जाया गया।

परिजनों ने पारस अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल ने इलाज से पहले पैसे मांगे थे। पहले अस्पताल ने कहा कि सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन वहां पहुंचने पर बताया गया कि अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं है। मरीज को सीटी स्कैन के लिए पहले सैमफोर्ड अस्पताल भेजा जाएगा और उसके बाद ही इलाज किया जाएगा। परिजनों ने इलाज के लिए पैसे भी दिए थे, लेकिन मरीज का इलाज नहीं किया गया। इलाज नहीं होने पर परिजनों ने पैसे वापस मांगे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन उन्हें पैसे नहीं दे रहा।ऐसे में प्रबंधन के आनाकानी से परेशान परिजन धरने पर बैठ गए है। परिजनों ने अस्पताल पर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार और लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इतने गंभीर और आपात स्थिति में अस्पताल ने इलाज नहीं किया और झूठ बोला गया। इस घटना को लेकर परिजनों में काफी आक्रोश है।

### प्रोन्नति और एजीपी को लेकर प्रभारी कुलपति से मिला संघ

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और फुटाज फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टिचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों का एक शिष्टमंडल रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी शुक्रवार को दी। मौके पर शिष्टीमंडल ने प्रभारी कुलपति से 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नणति और एजीपी छह हजार और सात हजार रुपए करने की मांग की। शिष्टपमंडल में डॉ समीरा सिन्हा कुलपति के समक्ष मांगों को विस्तार से बताया। वहीं डॉ मोहित कुमार लाल ने प्रोन्नयति से संबंधित नियमावलियों का हवाला देते हुए त्वरित कार्यवाही का आग्रह किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में जुलाई माह में होगी अच्छी बारिश



**रांची :** झारखंड में जुलाई माह में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने नौ जुलाई तक राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कई जगहों पर 30-40 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह की शुरूआत अच्छी बारिश से हुई है। राज्य के तीन-चार जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड में तीन जुलाई तक सामान्य से 80 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इधर, पांच जुलाई को राज्य के उत्तरी जिले देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के कुछ इलाकों में भारी बारिश की आशंका है। साथ ही इन इलाकों में 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से हल्के दर्जे की बारिश दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 69 .6 मिमी रिकॉर्ड की गई। इस दौरान रांची में सात मिमी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 28 .6, 32 .6, 33 .3, 33 .1 और चाईबासा में तापमान 31 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### रामविलास पासवान की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आज



**रांची :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, डोरंडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस संबंध में पार्टी की ओर से कहा गया है कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पैरोकार थे और उन्होंने दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा एवं वंचित वर्गों की आवाज को संसद से सड़क तक मजबूती से उठाया। उनके कार्यों ने देश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उनके विचारों, संघर्षों और नीतियों को स्मरण करते हुए संगठन की आगामी दिशा पर चर्चा की जाएगी।

### समर्पण शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा




**रांची :** समर्पण शाखा के सत्र (2025 26) की तीसरी कार्यकारिणी बैठक शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में शुक्रवार को हुई। बैठक में शाखा अध्यक्ष ने अनुपस्थिति और गणपूर्ति की सूचना दी। मौके पर शाखा अध्यक्ष ने स्वागत संबोधन किया और शाखा सचिव ने जून माह की रिपोर्ट प्रस्तुगत की। साथ ही आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सावन सिंधारा, सावन मेला, बाबा श्रृंगार, गौ सेवा से सम्बंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया। ताकि संस्था का कार्य सुचारू रूप से हो सके। कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, सरिता बथवाल, कोमल पोद्दार, कविता सोमानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।

### श्री चैती दुर्गा महासमिति के श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना




**रांची :** अपर बाजार स्थित श्री चैती दुर्गा मंदिर से श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह के नेतृत्व में 10 से 15 श्रद्धालु बाबा भोले नाथ के दर्शन करेंगे। इसके अलावा माता वैष्णो देवी और भोलेनाथ जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल जाकर भी भगवान का आशीर्वाद लेंगे। महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और संस्कार का संदेश भी देती है। महासमिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा और कुशल वापसी के लिए विशेष प्रार्थना की गई है। संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राकेश वर्मा, रंजन गुप्ता, शंकर वर्मा, प्रमोद साहू, करण सिंह, आशीष रजक, रोहन सिंह समेत अन्य शामिल हैं।

### रांची के बिरसा जैविक उद्यान में शेर की मौत, पेट में कैंसर होने की आशंका

**रांची :** रांची के ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान से दुखद खबर सामने आई है। यहां गुरुवार को 15 वर्षीय नर शेर शशांक की मौत हो गयी। शशांक पिछले कई दिनों से बीमार था और उसका इलाज लगातार किया जा रहा था। शेर की उम्र हो चुकी थी और उसके शरीर के कई अंग धीरे-धीरे काम करना बंद कर चुके थे। उद्यान के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओमप्रकाश साहु की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था। वहीं, रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक कुमार ने भी उसकी जांच की थी। गुरुवार को ही रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय की टीम ने शेर का पोस्टमार्टम किया। पैशोलॉजी विभाद के प्रमुख डॉ.एम.के. गुप्ता ने बताया कि शशांक के पेट में कैंसर के लक्षण पाए गए हैं। हालांकि मौत की असली वजह जानने के लिए उसके अंगों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। डॉ. गुप्ता के अनुसार, हाइब्रिड नस्ल के जानवरों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इन्हें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है और इनकी औसत उम्र 15 से 16 साल होती है। उद्यान प्रबंधन के अनुसार, शशांक को साल 2014 में बेंगलुरु के बन्नरघटा चिड़ियाघर से लाया गया था। कुछ ही दिन पहले 26 मई को शेरनी प्रियंका की भी मौत हो गई थी।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार शुक्रवार शाम को जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जा सके। प्रशासन द्वारा प्रत्येक अंचल/थाना क्षेत्र में स्थिति का आकलन कर सतर्कता बढ़ा दी गई है।




**रिजर्व बल के साथ पूरे जिले में विशेष तैनाती**

जिले भर में महत्वपूर्ण चौक - चौराहों पर कुल 357 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रिजर्व फोर्स के रूप में चास अनुमंडल में 31 और बेरमो अनुमंडल में 53 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को रखा गया है, जो आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु अलर्ट मोड में रहेंगे। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी, भड़काऊ पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं मुहर्रम का पर्व**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिलेवासियों से अपील किया है कि वह मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, परस्पर सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने आमजनों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्याः 06542 - 223705/223475/100 एवं 112),अपने थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं किसी भी सरकारी कर्मचारी को देने की अपील की। प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष को 24७७ सक्रिय रखा गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए कुल 59 दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से भी होगी निगरानी**

प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की है।

## एक नजर

### पानी फिल्टर करने का मेटेरियल सात दिनों से सप्लाई बंद

**कोडरमा** : जरीडीह प्रखंड के खुटरी स्तिथ पानी टंकी से जरीडीह के आठ तथा चास प्रखंड के दो पंचायतों के लगभग दस हजार घरों को रोजाना सुबह मिलने वाला शुद्ध सप्लाई पानी का मिलना बिगत सात दिनों से बंद हो गया है। कारण टंकी ऑफिस में पानी को फिल्टर करने के मेटेरियल का नहीं होना बताया जाता है। डब्लूटीपी में काम करने वाले सत्यम मिश्रा , चीकू मिश्रा और अरुण मरांडी ने बताया कि तेनु बोकारो नहर में फिलवक्त मिट्टी सना गंदा पानी बह रहा है। पानी को फिल्टर करने का मेटेरियल मसलन ब्लीचिंग पावडर , एलम पत्थर , चुना आदि कुछ भी नहीं है। फलकुलेटर का गंदा पानी सप्लाई से दिया जाय तो ग्राहकों से गाली सुनना पड़ेगा। सभी मुखिया के संगठन बहु पंचायत समिति को मेटेरियल खतम हो जाने की जानकारी दी गई है। पेयजल आपूर्ति विभाग के अभियंता रामप्रवेश राम ने कहा कि पीने का पानी बंद नहीं होगा। इधर प्रखंड प्रमुख देवनारायण भगत ने बताया कि पेयजल विभाग के एसडीओ का तबादला हो गया है , नये एसडीओ के आते ही मेटेरियल खरीदने के लिए राशि उपलब्ध हो जाएगी।

### बीएसएल के जलापूर्ति विभाग तथा डीएवी सेक्टर 2 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा** : शुक्रवार को बी एस एल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में बोकारो शहर के अंदर हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने तथा पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने के लिए जलापूर्ति विभाग तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास के साथ वरीय अधिशासी, कर्मचारी तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 के प्रधानाचार्य के साथ शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित थे।

### बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में रैयतों के नियोजन को लेकर अनिश्चितकालीन गेट बंद

**बोकारो** : बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ईस्टर्न इंडिया सीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में स्थानीय रैयतों के नियोजन की मांग को लेकर गुरुवार को भाजपा बालीडीह मंडल अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन गेट बंद कर दिया गया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन और एचआर विभाग स्थानीय रैयतों को नियोजन न देकर बार-बार बाहरी कर्मियों को नौकरी दे रही है। अविनाश सिंह ने बताया कि कंपनी बार-बार नियोजन के नाम पर टालमटोल कर रही है। इसको लेकर कई बार प्रदर्शन और एक दिवसीय धरना भी किया गया, लेकिन प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे पहले 6 मार्च को भी अनिश्चितकालीन गेट बंद किया गया था, जो जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद एक दिन में समाप्त हो गया था। उस समय कंपनी प्रबंधन ने 25 दिनों में समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। रैयतों की मांग है कि जिनकी जमीन कंपनी को दी गई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नियोजन दिया जाए।

## ई-कल्याण छात्रवृत्ति भुगतान में देरी को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** सिंहभूम कॉलेज चांडिल के छात्रों ने सत्र 2024-25 में ई-कल्याण छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाली राशि में हो रही अनियमितता को लेकर शुक्रवार को जिला कल्याण पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन की कॉलेज कमेटी के तत्वावधान में सौंपा गया। कॉलेज कमेटी के कोषाध्यक्ष समीर कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि कई छात्रों को अब तक छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एसटी और एससी वर्ग के कुछ छात्रों को लगभग तीन-चार महीने पहले ही छात्रवृत्ति की राशि उनके बैंक खातों में प्राप्त हो गई थी। लेकिन अभी तक ओबीसी वर्ग के छात्रों को यह राशि नहीं मिली है, जिससे उनकी पढ़ाई में आर्थिक अड़चन उत्पन्न हो रही है। इस समस्या को गंभीरता से उठाते हुए कॉलेज प्राचार्य की अनुपस्थिति में कॉलेज इंचार्ज जेके सिंह को यह ज्ञापन सौंपा गया, ताकि छात्रों को जल्द से जल्द छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान कॉलेज कमेटी के सचिव राजा प्रमाणिक, कोषाध्यक्ष समीर महतो, सदस्य सत्यजीत प्रमाणिक, मृत्युंजय महतो, अमृत सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

## भोजुडीह जंक्शन समीप खनन टीम ने किया निरीक्षण, 7000 टन कोयला भंडारण को किया जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले के भोजुडीह रेलवे जंक्शन के समीप खनन टीम ने लगभग 7000 टन कोयला भंडारण पाया। टीम ने झारखंड खनिज नियमावली, 2017 के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त कोयले को जब्त कर लिया है। खनन टीम ने बताया कि उक्त भंडारित कोयला रेलवे वैगन में कोयला अनलोडिंग के बाद सफाई क्रम में एकत्रित किया गया कोयला है। जिस कार्य हेतु रेलवे द्वारा जे.एस.आर एंटरप्राइजेज को अधिकृत किया गया है। टीम द्वारा पूछताछ के क्रम में यह जानकारी मिली कि उक्त कोयले का भंडारण जे.एस.आर एंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा था। डीएमओ रवि कुमार सिंह ने बताया कि उक्त



भंडारण स्थल के लिए जे.एस.आर एंटरप्राइजेज के पास कोई वैध अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके बाद टीम भंडारित कोयले को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में खनन निरीक्षक सीताराम, पुष्कल कुमार, धर्मेन्द्र महतो तथा स्थानीय पुलिस बल शामिल थे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज भंडारण और उससे जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसे अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति एवं सुरक्षा के लिए फ्लैग मार्च आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च झुमरी तिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए गुमो तक



निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने जिलेवासियों से अपील की कि वे मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाएँ और प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहे।

### कोडरमा की कबड्डी खिलाड़ी मनीषा का चयन इंडिया कैंप में

**कोडरमा** : आगामी 22 से 31 अक्टूबर 2025 तक बहरीन में आयोजित होने वाली तीसरी एशियन यूथ गेम्स 2025 के लिए भारतीय कबड्डी बालक एवं बालिका टीम के चयन को अंतिम रूप दिया जाना है। इसके लिए इंडिया कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप में कोडरमा जिले की झुमरी तिलैया अंतर्गत गोमो निवाशी एवं बालिका कबड्डी खिलाड़ी मनीषा कुमारी पिता दिलीप कुमार का चयन हुआ है। उक्त मामले की जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने AKFI द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में दी कोडरमा जिला को दी है।




## 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियनों की व्यापक तैयारियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शुक्रवार को ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा, बोकारो की ओर से हॉट स्ट्रीप मिल कैंटीन रेस्ट रूम में एक मजदूर सभा का आयोजन रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एटक के रामाश्रय प्रसाद सिंह ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर अपनी योजनाओं को बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार मजदूरविरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने की कोशिशों में लगातार तेजी ला रही है। यह संहिताएं न केवल स्थायी रोजगार को खत्म करती हैं, बल्कि ट्रेड यूनियन के अधिकारों, हड़ताल के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा को भी छीनने की साजिश हैं। सीटू के आर के गोराई ने कहा कि हड़ताल को सेल में 21 सूत्री मांगों के साथ आयोजित किया जा रहा



है, जिसमें प्रमुख मांगें हैं। चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए, सभी मजदूरों के लिए 26000 न्यूनतम वेतन और 9000 न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित हो, पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, महंगाई पर रोक लगे, आवश्यक वस्तुओं से GST हटे, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण रोका जाए यूनियन बनाने और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का सम्मान हो। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पानी जैसी जरूरतों की सार्वजनिक गारंटी हो।

# सरकारी आवास योजना से वंचित परिवारों को जल्द मिलेगा अबुआ आवास : केशव महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शुक्रवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी बोकारो भ्रमण कार्यक्रम के द्वौरान बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका गाँव पहुंचकर सरकारी लाभ से वंचित दलित परिवारों से बारी बारी से मिलते हुए बुनियादी समस्याओं से अवगत हुए। तथा संज्ञान लेते हुए श्री महतो ने स्वयं वंचित परिवारों के सूची बनाते हुए बोकारो उप विकास आयुक्त को दूरभाष से अवगत कराये एवं जल्द से जल्द पात्र लाभुकों को अबुआ आवास,अंबेडकर आवास उपलब्ध कराने हेतु संज्ञान लेने के लिए कहा गया। इस मौके पर श्री



महतो ने कहा कि गठबंधन सरकार संकल्पित है वंचित हर परिवार को छत देने के लिए। सुचना प्राप्त से चास प्रखंड के ब्राह्मण द्वारिका (कालिंदी टोला )में कोई परिवार ऐसे हैं कि जिन्हे सरकारी आवास योजना का लाभ आज तक नहीं मिल सका हैं। वें परिवार प्लास्टिक व तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं जो कि यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है हमने जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में ब्राह्मण द्वारिका गाँव (कालिंदी टोला ) पहुंचकर दलित परिवारजनों से बारी बारी मिले एवं उनकी बुनियादी समस्याओं संज्ञान लेते हुए आश्वस्त किया कि गठबंधन सरकार संकल्पित है हर परिवार को छत देने के लिए। मौके पर जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका के दलित बस्ती के सरकारी आवास से वंचित परिवारों के महिला सदस्यों के साथ प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी ने संवाद स्थापित कर उनके समस्याओं को जाना तथा तत्काल बोकारो डीडीसी से दूरभाष पर बात कर समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया तथा उन्होंने कहा कि दलित परिवारजनों को आश्वस्त किया कि झारखण्ड में गठबंधन सरकार गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी हाल में बोकारो जिले के कोई पात्र परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा। श्री गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन परिवारों को आवास योजना अंतर्गत राज्य सरकार कि आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम पर जंगीओं की दौड़ शुरू, दरगाहों में हुआ मेल-मिलाप



**बोकारो** : मुहर्रम के पवित्र अवसर पर तलगडिया और आसपास के क्षेत्रों में जंगीओं की परंपरागत दौड़ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ शुरू हो गया है। इस ऐतिहासिक दौड़ में जंगी एक दरगाह से दूसरी दरगाह तक दौड़ लगाते हैं और मेल करते हैं, जो आपसी भाईचारे, श्रद्धा और साहस का प्रतीक माना जाता है। इस बार की दौड़ में अलुवारा के जगबंधिया, अलुवारा, चंदाहा, टुधरी, तिवारी डीह, फुटलाही, नेताजी चौक कुंआ मोड़, बिजुलिया, धनडाबर, मधुनिया, अलकुशा, बोदरो, तलगड़िया मोड़ और अंततः बोकारो तक का सफर शामिल रहा। दौड़ के दौरान हर दरगाह पर मेल-मिलाप का वातावरण देखने को मिला, जहां सभी समुदाय के लोग एकत्रित होकर भाईचारे का संदेश दे रहे थे। इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रमुख जंगीओं में अरमान अंसारी, अमजेद अंसारी, हसन अंसारी, मुसेब अंसारी, इरफान अंसारी और छुटु अंसारी ने पूरे आयोजन में भरपूर उत्साह और सहयोग दिखाया। इन सभी ने अपने साहस और जोश से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और प्रेम की भावना मजबूत होती है। आयोजन के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद लिया।

### पुलिस ड्यूटी मीट का सफल समापन बोकारो जिला बल ओवरऑल चैंपियन



**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह के निर्देशन में पिछले तीन दिनों तक चल रहे कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में बोकारो जिला बल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं धनबाद जिला बल रनर अप रहा। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कई प्रकार के इवेंट्स आयोजित किए गए, जिसमें बोकारो एवं धनबाद के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोकारो जिला के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बोकारो के तकनीकी शाखा प्रभारी श्री पुष्पराज कुमार ने कुल 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर इंडिविजुअल ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं, महुदा सर्किल, धनबाद की इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर ओवरऑल रनर अप बनीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो प्रक्षेत्र, क्रांति कुमार गडिदेशी रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को अपने हाथों से पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो के अलावा ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी, सिटी एसपी धनबाद ऋत्विक श्रीवास्तव, सिटी डीएसपी बोकारो आलोक कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट मेजर प्रथम प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया। सार्जेंट मेजर द्वितीय जॉय प्रभाकर लकड़ा और परिचारी शिव प्रसाद महतो भी इस अवसर पर मौजूद रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### माकपा के वरिष्ठ नेता 80 वर्षीय कॉमरेड एसपी तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त



**कोडरमा :** सीपीआई का झारखंड राज्य सचिव मंडल अपने पूर्व सचिवमंडल सदस्य कॉमरेड एसपी तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। आज सुबह पटना के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के दौरान तत्कालीन एसएफआई के नेताओं प्रकाश करात एवं सुनीत चौपड़ा के सम्पर्क में आने के बाद वे एस एफ आई से जुड़ गए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखो। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के संविधान का प्रारूप तैयार करने में भी कॉमरेड शिव प्रसाद तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। वे जेएनयू में पार्टी ब्रांच के सचिव भी थे उस ब्रांच में प्रकाश कारात भी शामिल थे। 1977 में आपातकाल की समाप्ति के बाद पार्टी के निदेर्शानुसार उन्होंने बिहार से काम करने का फैसला लिया। बिहार में आने के बाद उन्होंने पार्टी के पूरावक्ती कार्यकर्ता बनकर नौजवान मोर्चे पर काम करना शुरू किया और उन्हें जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई । लगभग एक दशक तक उन्होंने जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया। उन्हें सीपीआई बिहार राज्य सचिव मंडल के सदस्य के रूप में भी निर्वाचित किया गया। बिहार के बंटवारे के बाद उन्होंने झारखंड में पार्टी की ज़िम्मेदारी संभालनी शुरू की और अपनी प्रतिबद्धता और समर्पित भाव से जिम्मेदारियों का निर्वाह करने की वजह से उन्हें पार्टी की झारखंड राज्य सचिव मंडल के लिए निर्वाचित किया गया।

### नगर परिषद ने ग्रीजली पब्लिक विद्यालय में छात्रों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन




**झूमरी तिलैया :** भारत सरकार के सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा गुरुवार को ग्रीजली पब्लिक विद्यालय में छात्रों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान नगर प्रबंधक रणधीर कुमार ने बारिश से होने वाले नए-नए बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने आसपास व मोहल्लों में सफाई रखने की अपील की। उन्होंने छात्रों को सूखे व गीले कचरे को कैसे अलग-अलग डस्टबिन में डालें, इसके भी उपाय बताए। वहीं स्कूली बच्चों से बिस्कीट के रैपर व पॉलीथिन को जहां तहां नहीं फेंकने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि ऐसे चीजों को अपने पॉकेट में रखकर जहां डस्टबिन मिले, उसी में फेंकने की आदत डालें। इससे हमें कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलने की संभावना बढ़ती है। वहीं उन्होंने डायरिया जैसी बीमारी को लेकर विशेष ध्यान रखने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि डायरिया होने की स्थिति में सबसे पहले ओआरएस का इस्तेमाल करें।

# मादक पदार्थों के खिलाफ समन्वय बनाकर काम करें अधिकारी : उपायुक्त

**एक नजर**

## ट्रेन में नशा खुरानी गिरोह का हुआ शिकार यूवक



**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को नशा खुरानी गिरोह का शिकार हुआ युवक को आरपीएफ ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में लाया गया। सदर अस्पताल में ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर मुकेश कुमार ने युवक का इलाज किया। हालांकि युवक की स्थिति को अच्छा देखते हुए आरपीएफ के जवान द्वारा कहा गया कि युवक अपना नाम शेख अफसर पिता शेख शौकत पश्चिम बंगाल के मानिकचक जिला मालदा बता रहा है। खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति सामान्य थी।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में नार्कों कॉर्डिनेशन सेंटर की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अंचल अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों की ओर से अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत रिपोर्ट के सभी बिंदुओं की उपायुक्त ने समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिया। विशेष निगरानी का निर्देश बैठक में थाना



प्रभारी और अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं और विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर जरूरी रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए। साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित और विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उपायुक्तत ने मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों पर पूर्णतया विराम लगाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ खूंटी और तोरपा, एनकॉर्ड के सदस्य, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता में सम्मानित की गई सेविका, सहायिका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र धुर्वा रांची में आयोजित राज्य स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग भारत सरकार एवं राज्य मंत्री , सावित्री ठाकुर के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र चिगलाबर हरिजन टोला कोड 320 की सहायिका सुनीता देवी को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर कोडरमा की सेविका मीरा देवी , रेखा देवी , सुषमा देवी शामिल थी। इस कामयाबी के लिए सहायिका एवं पूरे टीम को कनक कुमारी तिर्की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कोडरमा द्वारा बधाई दे कर हर्षवयक्त की साथ ही इनके द्वारा कहा गया कि इस तरह के प्रतियोगिता से सहायिकाओं में कार्य करने हेतु नई ऊर्जा मिलता है और पाक कौशल का विकास होता है। और सेविका सहायिका मन के केंद्र में बच्चों का देखभाल करती है । वहीं डॉ रेखा रानी , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोडरमा के द्वारा बधाई दी गई , इस अवसर पर एउउए कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षक के तौर पर डॉ रेखा रानी को भी अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दे कर के सम्मानित किया गया। कोडरमा से व्यंजन प्रतियोगिता में शामिल पूरे टीम को पप्पू कुमार यादव, प्रखंड समन्वय एवं पूनम कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा बधाई दिया गया। श्री यादव ने कहा कि राज्य स्तर पर पुरस्कृत होना बहुत गर्व की बात होता है। और बाकी सभी आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता प्रोत्साहित होते है। पोषण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष पोषण पखवाड़ा और पोषण माह मनाया जाता है और प्रत्येक दिन अलग अलग गतिविधि मनाया जाता है। मैं चाहूंगा कि आगामी पोषण माह सितंबर 2025 में बाकी सभी कार्यकर्ता बेहतर करें और अपने आप को पुरस्कृत होने का सौभाग्य प्राप्त करें।

## राम कथा वाचन को लेकर निकाली गई शोभायात्रा

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के हाजीपुर दियरा में शुक्रवार को श्रीराम शिवालय ठाकुरबाड़ी परिसर में राम कथा वाचन को लेकर कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जिसमें 251 महिलाएं और बालिकाएं माथे पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। वहीं इसके पूर्व अयोध्या से आए रामदास जी महाराज एवं काशीनाथ जी महाराज ने पवित्र ग्रंथ रामायण व तुलसी पौधा की विधिवत मंत्रोच्चार कर पूजन किये। संध्या में प्रवचन करते हुए कहा कि भक्त प्रह्लाद के पुत्र बिरोचन पुत्री बिरोचना का वर्णन करते हुए संत तुलसीदास का जन्म एवं उनके गुरु नरहरि दास के द्वारा तुलसी जी को ज्ञान देते हुए ईश्वर साधना का मार्ग दर्शन दिया गया। जबकि सती माता एवं भोले नाथ की भक्ति प्रेम की वर्णन प्रवचन में बताया गया। मौके पर संयोजक राम प्रवेश यादव, रामदेव रजक, सचिव बृजबिहारी यादव, देवेन्द्र भगत, इसमें प्रमुख झाकी शिव पार्वती जी की प्रस्तुति की गई।

## मुखिया के शिकायत पर सड़क निर्माण कार्य को 200 फिट बढ़ाने की सहमति बनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल पंचायत के मुखिया कविता देवी के द्वारा एक लिखित शिकायत दी गई थी कि कठहर टोली हेसल में पथ का निर्माण किया गया है, जिसमें चौड़ाई एव लम्बाई की शिकायत खिजरी विधायक राजेश कच्छप को अवगत कराया गया था विधायक ने संज्ञान में लेकर निर्देशनुआर पूर्व शिक्षा विभाग विधायक प्रतिनिधि साकीर अंसारी ने कनिष्ठ / कनिय अभियंता के साथ निर्माण स्थल पहुंच गए सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किये । इस निरीक्षण पर रोड की चौड़ाई बढ़ाने एव रोड की लम्बाई 300 फीट बढ़ाने पर सहमति जताई गई । साथ ही मासु से हेसल तक सड़क निर्माण किया गया है लेकिन भारी बारिश के बीच गार्डवाल पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है इस बीच कनिष्ठ / कनिय अभियंता जितेन्द्रर वर्मा ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लिया एव शीघ्र मराम्मति के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिये। इस मौके प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार, शिक्षक जीतराम महतो, दिलिप महतो कृष्ण भगत आदि शामिल थे

# हिंडाल्को सी एस आर विभाग द्वारा मोदीडीह गांव में 'विकास भवन' का किया गया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** मुरी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के अंतर्गत आज सिल्ली प्रखंड के बसरुली पंचायत अंतर्गत मोदीडीह गाँव में निर्मित विकास भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को के बिजनेस हेड श्री सौरभ खेडेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री खेडेकर ने कहा, यह विकास भवन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे गाँव के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। हिंडाल्को कंपनी गाँव के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर श्री खेडेकर ने गाँव में चल रहे बांस आधारित परियोजना का निरीक्षण भी किया और स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के मुख्य निर्माण अधिकारी श्री एन. एन. रॉय, क्लस्टर एच आर हेड शिशिर मिश्रा, प्लांट हेड संदीप पाटिल, एच आर हेड श्री अरुण राय सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पंचायत के मुखिया श्री ललु राम उरांव ने हिंडाल्को कंपनी का आभार प्रकट करते हुए कहा, कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और गाँव में विकास की एक नई दिशा दिख रही है। विकास भवन का उद्घाटन ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत विकास की दिशा में हिंडाल्को की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

# खराब सड़क को जल्द से जल्द करें दुरुस्त : विश्वरंजन सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** चोरधारा के लपंगा कॉलोनी शिव मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक रखी गई । बैठक की अध्यक्षता करण सिंह ओर संचालन आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया बैठक के दौरान सयाल मोड से चैनगड्डा ओवर ब्रिज तक जो रोड की जो दुर्दशा को लेकर एक सर्वदलीय बैठक रखी गई। इस बैठक में ग्रामीणों की उपस्थिति में ये निर्णय लिया गया कि वेंकटेश स्पंज प्लांट के ट्रांसपोर्ट से रोड को हुए नुकसान और रोड की दुर्दशा को लेकर चोरधारा ओर लपंगा कॉलोनी की जनता प्लांट के ट्रांसपोर्टर को ठप कर दिया जाएगा। ओर अंत में ग्रामीणों का कहना है कि जब से ये पुराना मार्ग जो भुरकुंडा से रामगढ़ को जोड़ता था। अब जब से ये आवागमन ठप हुआ है। ये रास्ता डस्टबिन की तरह उपयोग में लाया जा रहा है आय दिन इस रास्ते के किनारे मरे हुए पशुओं को फेक दिया जाता है। जिसके चलते वातावरण प्रदूषित हो जाता है। ग्रामीणों को



काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ओर ये वेंकटेश प्लांट का मुख्य मार्ग है जहां से ट्रांसपोर्टेशन होता है। वेंकटेश के ट्रांसपोर्ट और हाईवा से रोड की दुर्दशा हो गई है रोड पूरा तालाब में परिवर्तित है। कई पर प्लांट के जनरल मैनेजर मनीष शर्मा से रोड के मरम्मत और भराव के लिए बोला गया। पर उसके द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिला हमेशा का यही रवैया है। चोरधारा पंचायत के मुख्य सड़क विगत कई सालों से जर्जर स्थिति में है जर्जर होने का मुख्य कारण है वेंकटेश स्पंज आयरन और पावर प्लांट का हैवी लोड ट्रक हाइवा ट्रांसपोर्ट का रोड पर चलना और रोड को नुकसान करना, ओर रोड पर पानी का छिड़काव नहीं करना प्रदूषण का मुख्य कारण है। दस दिनों के अंदर वेंकटेश प्लांट के द्वारा सयाल मोड से चैनगड्डा ओवर ब्रिज तक जर्जर सड़क का मरम्मती नहीं करवाएंगे तो ट्रांसपोटिंग ठप कर देंगे।

## विधायक के पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



**सिल्ली :** शुक्रवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर सिल्ली प्रखंड के इतिहासा गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।नये ट्रांसफार्मर का जुड़ानी देवी, बास्की देवी एवं लतिका देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल महतो,सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो,ग्राम प्रधान मनोरंजन महतो,लोटा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र मुंडा उपस्थित समेत अजीत महतो, रामपदो महतो, रोहित महतो, संजय महतो, बाबुल,बुधराम महतो, परेश महतो, पुराण महतो, विनोद सिंह, संदीप महतो ,रतन महतो, मनोज महतो,चंपा देवी, पुतुल देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त की बड़ी पहल आपदा मित्र प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गई है जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने को लेकर अगले 1 वर्ष में जिले की 25% आबादी को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को टाउन हॉल रामगढ़ में उपायुक्त द्वारा 4 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक आपदा मित्र के लिए आयोजित



प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उदय श्रीवास्तव, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 2500 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कि आप सभी आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है, विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में। यह पहल न केवल हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिकों के निर्माण का भी प्रतीक है। प्राकृतिक या मानव-जनित आपदायें अप्रत्याशित होती है, परन्तु यदि हमारे पास प्रशिक्षित स्वयंसेवक हो, तो हम किसी भी संकट का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते है। आप सभी आपदा मित्र आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करके अनगिनत जीवन बचाने में सक्षम होंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

## अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

**सरिया :** प्रखंड सभागार सरिया में शुक्रवार को मोहर्रम पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने किया जबकि संचालन सीडीपीओ धनंजय राम ने की बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाने की अपील की गई कहा गया कि मोहर्रम पर्व को लेकर जितने भी अखाड़ा समितियां को लाइसेंस निर्गत किया गया है वह निश्चित रूप का ही अनुपालन करें एवं ताजिए के दौरान डीजे एवं अश्लील पूर्ण गाने पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कही गई साथ ही शांति समिति के सदस्य से आग्रह किया गया की अगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अफवाह या माहौल को बिगड़ने के लिए कोई भड़काऊ मैसेज सोशल मीडिया पर चलता है तो उसे रोकने का प्रयास करें एवं तुरंत इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारी को दिया जाए इससे की समय रहते छोटे-छोटे मामले का निष्पादन कर उसे बड़ा रूप लेने से रोका जा सके में जितने भी सोशल मीडिया ग्रुप व्हाट्सएप ग्रुप आदि संचालित हो रहे हैं उसे ओनली एडमिन मोड पर रखने की बात कही गई साथ ही कहा गया कि अगर किसी व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील हुआ भड़काऊ मैसेज मैसेज किसी के भी द्वारा भेजा जाता है तो उसे ग्रुप के एडमिन एवं मैसेज करता पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी बैठक के दौरान एलआरडीसी सच्चिदानंद महतो बीडीओ ललित नारायण तिवारी थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, जिप सदस्य अनूप कुमार पांडे पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद भोला लाल मंडल मोहम्मद इकबाल विजय सिंह पूरन महतो संतोष कुमार अरशद खान हरेंद्र सिंह सेम टी सरिया बगोदर बिरनी प्रखंड के वीडियो अंचलाधिकारी थाना प्रभारी सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी का हुआ वितरण



**अनगड़ा :** अनगडा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना झारखण्ड पशु विकास फर्म के तहत लाभुको के बीच बकरी वितरण किया गया ग्राम गेतलसूद निवासी गंगी देवी को 5 बकरी एव ग्राम बोंगईबेड़ा निवासी श्रवण कुमार उरांव को 5 बकरी वितरण किया गया इसके साथ पंचायत टाटी, सुरसू के किसानों के बीच 5 - 5 बकरी वितरण किया गया जिसमें सभी किसानों को 1 नर 4 मादा दिया गया। किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर बकरियां उपलब्ध कराई गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा ने कहा कि पशुपालन योजना के तहत किसानो की आय में वृद्धि के लिए राज्य सरकार द्वारा उन्नत नस्ल की बकरियों का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, प्रखण्ड अध्यक्षा सरिता देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सेबा पालित, खिजरी पूर्व युवा अध्यक्ष जितेन्द्रर महतो सहित संगीता कैथा, राजदेव पहान, शाहनाज खातुन इत्यादी।

## बालू घाट से हो रही है अवैध ढुलाई



रामगढ़ : झारखण्ड में 15 जून से मानसून के प्रवेश करते ही सरकार द्वारा अवैध कोयला ,बालू खनन पर सभी जिला के उपायुक्त एवं खनन विभाग को दिए गए हैं, झारखण्ड में लगातार भारी बारिश की वजह से नदियों में आई बाढ़ थमने का नाम नहीं ले रही है,दूसरी तरफ बालू घाटों से बालू सिरका,अरगड्डा गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुंडू जैसे बालू घाट से सुबह सुबह 4 बजे से धड्डले से 10-15 ट्रेक्टरों से बालू की ढुलाई कर बिहार फाउंड्री के आस पास के क्षेत्रों में भारी मात्रा में स्टॉक कर मोटी कीमत पर नईसराई,रांची रोड के आस पास के क्षेत्रों में बेची जा रही है, एवं जिला प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर बालू की अवैध ढुलाई किया जा रहा है। जिला उपायुक्त के निदेर्शों का खुलेआम हो रहा है, उल्लंघन मानसून की वजह से नदियों की बाढ़ में बड़ी घटना न हो इसके लिए सरकार द्वारा ठॠ लागू की गई है, फिर भी बिना डर भय के बेखौफ होकर रामगढ़ एवं हजारीबाग जिला के घाटों से बालू की रामगढ़ उपायुक्त एवं खनन विभाग के आंखों में धूल झोंक कर ढुलाई का काम चल रही है,जिससे जिले में राजस्व की काफी नुकसान हो रही है।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ भुरकुंडा ब्रांच की हुई बैठक, नए पदाधिकारियों का हुआ चयन



**भुरकुंडा (रामगढ़):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ भुरकुंडा ब्रांच की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ब्रांच अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा और संचालन ब्रांच सचिव लखन राम ने किया। बैठक में रीजनल वरीय उपाध्यक्ष चमन लाल और एरिया सेक्रेटरी बच्चन पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान संगठनात्मक विस्तार करते हुए इकबाल हुसैन को भुरकुंडा ब्रांच का उपाध्यक्ष, लक्खी राणा एवं फिरदौस आलम को ब्रांच सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में ब्रांच सह सचिव इम्तियाज अहमद भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर एरिया सचिव बच्चन पांडेय ने नए पदाधिकारियों को मजदूरों के हित में सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। ब्रांच सचिव लखन राम ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक मजदूरों को संगठन की सदस्यता दिलाएं और संगठन को मजबूत करें।


**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting BID (Short Tender F2 Basis)**

**Ref No: SHAJ/Procu/Sail City Appr. Road/2025/578** **Date: 04.07.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Construction of H.L. Bridge from Rehabilitation colony complex to Sail City approach road at Ch. 0+230 km (Span 1 x 16.6m) in Ranchi district on deposit basis."** The approximate cost of the work is Rs. **2.44** Crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **08.07.2025 (10:30 AM) to 28.07.2025 (12:00 noon).** The complete BID Application shall be submitted online by **28.07.2025 (upto 12:00 noon)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 4.88 Lakh (Rs. Four Lakhs Eighty Eight Thousand) only. Tender fees and Earnest money Deposit (EMD) shall be deposited online as per **Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **29.07.2025** at **12:30 P.M.**
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

**Sd/-Member (Technical) State Highways Authority of Jharkhand Ranchi**
**Deen Dayal Nagar (Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

PR 356554 (State Highway Authority of Jharkhand)25-26*D

# वंशानुगत बीमारियों पर भारी बिगड़ती जीवनशैली

अब वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा जानलेवा बीमारियां हमारी बदलती जीवनशैली के कारण होती जा रही है। खान-पान, रहन-सहन, प्रकृति से दूरी, बदलती जीवनचर्या यह सब वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। वंशानुगत बीमारियों से तो राहत प्राप्त की जा सकती है पर पल-पल बदलती जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारियां साइलेंट अटैक का काम करती हैं। पता ही नहीं चलता कि कब जानलेवा बन जाती हैं। जानी मानी पत्रिका नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक रिपोर्ट से साफ हो गया है कि अब जीन से ज्यादा जीवन पर खतरा खराब या अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण हो गया है। अब तक यह माना जाता रहा है कि कुछ बीमारियां वंशानुगत या यूं कहें कि आनुवांशिकी के कारण जन्मजात होती हैं। वह उम्र के साथ अपना असर दिखाना आरंभ कर देती हैं। नए शोध के अनुसार, बदलती जीवनशैली, रहन-सहन, आहार-विहार उससे भी गंभीर असर दिखाने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जीन प्रभावित लोग बेहतर और संतुलित जीवनशैली से अपनी जीवन रेखा को बड़ा कर सकते हैं। चिंतजानक यह है कि बदलती जीवनशैली के कारण असामयिक मौत की संभावना 78 फीसदी तक अधिक हो गई है। नेचर मेडिसिन पत्रिका में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के आलेख में यह दावा किया गया है। शोधार्थियों ने यूके बॉयोबैंक से 5 लाख लोगों का आंकड़ा प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकाला है। शोधार्थियों ने 164 फैक्टर और जेनेटिक जोखिमों का विस्तृत अध्ययन किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं हैं। जीवनशैली और आहार-विहार में बदलाव के कारण ही आज हार्ट संबंधी रोग, कैंसर, डाइबिटिज, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, डिप्रेशन और इसी तरह की कई बीमारियां आम होती जा रही हैं। इससे हर उम्र के लोग प्रभावित हैं। कल तक रईसों और उम्र के पड़ाव के अवसर पर होने वाली बीमारियां पूरी साम्यवादी सोच के साथ किसी को भी अपने दायरे में लेने लगी हैं। एक समय था जब सूर्योदय से पहले उठने और रात नौ-साढ़े नौ बजे तक सो जाने की सामान्य परंपरा रही है तो प्रातःकाल भ्रमण, दिन में भोजन के बाद कुछ समय के लिए आराम और रात को खाना खाने के बाद थोड़ी चहल कदमी अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी मानी जाती थी। स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य सामग्री और खान-पान में संयम के साथ ही शुद्धता पर जोर दिया जाता था, जिससे शरीर को तदनुरूप पौष्टिक तत्व मिल सकें। आज हालात में तेजी से बदलाव आया है। रसोई और रसोई सामग्री की शुद्धता और गुणवत्ता की बात तो करना ही बेमानी होगा। मिलावट या फिर रासायनिक खाद-कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी आना तो स्वाभाविक ही है इसके साथ ही चंद लाभ के लिए खाद्य सामग्री में मिलावट आम होती जा रही है। इसके साथ ही प्रदूषित वातावरण बीमारियों का कारक तो बन ही रहा है इसके साथ ही दवाएं भी बेअसर होती जा रही हैं। एक शोध के अनुसार केवल धूम्रपान के कारण ही 21 तरह की बीमारियां जकड़ सकती हैं तो पारिवारिक व रोजगारपरक तनाव के चलते 17 तरह की बीमारियां सीधे सीधे प्रभावित करती हैं। खान-पान का बदलाव तो इसी से समझा जा सकता है कि जंक फूड या बाहर खाना खाना हमारी प्राथमिकता बनता जा रहा है। घर का खाना अब बच्चों की पंसद से दूर होता जा रहा है। रही सही कसर ऑनलाइन प्लेटफार्म ने पूरी कर दी है। आधी रात को भी गली मोहल्लों में स्वीगी या इसी तरह की संस्था से जुड़े कार्मिक को आसपास ही खाद्य सामग्री सप्लाई करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जहां तक शुद्ध हवा और शुद्ध पानी का प्रश्न है तो आज आरओ और बोतलबंद पानी की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाये जाने लगे हैं। प्रदूषण के कारण शुद्ध हवा की बात करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। भले ही पार्कों में कितने ही घूम आओ या जिम में जाकर वर्कआउट कर आओ पर सवाल यही है कि आपके आसपास शुद्ध हवा तो अब रही ही नहीं।

## सूडोकु नवताल- 7481

★★★✯✰ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7480 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

ललित गर्ग

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, ह्यस्वर्ण कलशह्न प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं



की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक 'राजनीतिक कठपुतली' खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोजगार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है।

दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।

# अखिलेश की बदलती राजनीति, सावन में काशी से हिंदुत्व का दांव

संजय सक्सेना

2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव हर हाल में सत्ता में वापसी की जुगत में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश की सियासत में सपा का आधार लंबे समय तक मुलायम सिंह यादव द्वारा स्थापित मुस्लिम-यादव (एम-वाई) समीकरण रहा है। इस समीकरण के सहारे मुलायम सिंह तीन बार और अखिलेश यादव एक बार मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे। लेकिन 2014 के बाद से उत्तर प्रदेश की राजनीति में आए बदलाव ने सपा के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने हिंदुत्व की छतरी तले विभिन्न हिंदू जातियों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है, जिसने सपा की परंपरागत रणनीति को कमजोर कर दिया है। अखिलेश यादव अब इस बदले सियासी परिदृश्य में अपनी पार्टी की छवि को नया रूप देने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की कोशिश में हैं। इसी कड़ी में सावन के पहले सोमवार, 14 जुलाई 2025 को, वे काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे हैं, जिसे सियासी हलकों में सॉफ्ट हिंदुत्व के दांव के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सपा की राजनीति का आधार लंबे समय तक मुस्लिम और यादव वोटर रहे हैं। लेकिन बीजेपी ने सपा पर यादववाद और मुस्लिम तुष्टिकरण की छवि गढ़ने में सफलता हासिल की है, जिससे सपा का वोट आधार सीमित होता गया। अखिलेश यादव को इस बात का अहसास हो चुका है कि केवल एम-वाई समीकरण के सहारे बीजेपी को हराना अब संभव नहीं है। यही वजह है कि वे अपनी पार्टी की छवि को बदलने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉमूर्ले के जरिए बीजेपी को कड़ी टक्कर दी थी। इस रणनीति ने सपा को कुछ हद तक सफलता दिलाई, लेकिन बीजेपी ने इसके बाद फिर से सपा के खिलाफ सियासी तानाबाना बुनना शुरू कर दिया है। ऐसे में अखिलेश अब सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चलते हुए सनातन धर्म के प्रतीकों को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं।

सावन का महीना, जो 11 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है, धार्मिक दृष्टिकोण से उत्तर भारत में खास महत्व रखता है। इस दौरान लाखों भक्त हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं और भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। काशी, जो भगवान शिव की नगरी के रूप में जानी जाती है, सावन में भक्तों के लिए एक प्रमुख तीर्थस्थल बन जाती है। खासकर सावन के सोमवार को बाबा विश्वनाथ मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार सावन के पहले सोमवार को अखिलेश यादव काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे हैं। उनके साथ देशभर से लगभग 50 हजार यादव बंधु भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह आयोजन चंद्रवंशी गोप समिति के बैनर तले हो रहा है, जिसके प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में लखनऊ में अखिलेश से मुलाकात कर उन्हें इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का न्योता दिया था।

काशी में सावन के पहले सोमवार को यादव समुदाय की ओर से जलाभिषेक की परंपरा 1952 से चली आ रही है। इसकी शुरूआत स्व. तेजू सरदार ने की थी। हर साल यादव बंधु गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर, और फिर दशाश्वमेध घाट से गंगा जल लेकर बाबा विश्वनाथ को अर्पित करते हैं। इसके बाद मृत्युंजय महादेव, त्रिलोचन महादेव और काल भैरव के दर्शन कर यह यात्रा पूरी होती है। इस बार अखिलेश यादव के इस आयोजन में शामिल होने को सियासी हलकों में व्यापक रूप से चर्चा का विषय माना जा रहा है। यह कदम न केवल उनकी धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि सपा की छवि को मुस्लिम परस्ती से बाहर निकालने और सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच स्वीकार्यता बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा भी है।

अखिलेश यादव की यह रणनीति उनकी पार्टी को मुलायम सिंह यादव के दौर की छवि से बाहर निकालने की कोशिश का हिस्सा है। मुलायम सिंह ने सपा की नींव मुस्लिम और यादव वोटों के आधार पर रखी थी, लेकिन बदले सियासी हालात में यह समीकरण अब पर्याप्त नहीं है। बीजेपी ने हिंदुत्व के एजेंडे को केंद्र में रखकर विभिन्न हिंदू जातियों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है। सपा पर लगातार यादववाद और मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोपों ने अखिलेश के लिए सत्ता में वापसी की राह को और मुश्किल बना दिया है। खासकर, ब्राह्मण और ठाकुर समुदायों के बीच सपा के प्रति नाराजगी बढ़ी है, क्योंकि अखिलेश के कुछ बयानों को इन समुदायों के खिलाफ माना गया है। ऐसे में, काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक का यह कदम सनातन धर्म को मानने वाले व्यापक समुदाय के बीच सपा की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2014 के बाद से देश की सियासत में हिंदुत्व का प्रभाव बढ़ा है। बीजेपी ने हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने में सफलता हासिल की है, जिसने विपक्षी दलों को भी धार्मिक प्रतीकों और सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है। अखिलेश यादव का काशी दौरा इसी बदलते सियासी परिदृश्य का हिस्सा है। वे न केवल अपने परंपरागत यादव वोट बैंक को मजबूत करना चाहते हैं, बल्कि अन्य हिंदू समुदायों, खासकर सनातन धर्म को एकजुट देखने वालों का समर्थन भी हासिल करना चाहते हैं। हालांकि, बीजेपी की पिच पर उतरकर मुकाबला करना सपा के लिए आसान नहीं है। बीजेपी ने हिंदू समुदाय को अपना मजबूत वोट बैंक बना लिया है, और सपा का सॉफ्ट हिंदुत्व का दांव कितना कारगर होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

इसके साथ ही, अखिलेश यादव सामाजिक न्याय के एजेंडे को भी मजबूत करने की कोशिश में हैं। मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर मुखर होने के बजाय, वे अब सामाजिक समावेशिता और पीडीए फॉमूर्ले पर जोर दे रहे हैं। काशी में जलाभिषेक का यह कदम न केवल धार्मिक, बल्कि सियासी दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह सपा को बीजेपी के हिंदुत्व के नैरेटिव का जवाब देने और व्यापक हिंदू समुदाय के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का मौका देता है। हालांकि, इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि अखिलेश यादव कितनी कुशलता से अपनी पार्टी की पुरानी छवि को बदल पाते हैं और बीजेपी के सियासी ताने-बाने का जवाब दे पाते हैं। कुल मिलाकर, अखिलेश यादव का सावन के पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करना एक सोची-समझी सियासी रणनीति का हिस्सा है। यह कदम उनकी बदलती राजनीति को दर्शाता है, जहां वे परंपरागत एम-वाई समीकरण से आगे बढ़कर सनातन धर्म के प्रतीकों को अपनाने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह रणनीति कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना तय है कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की सियासत में नए रंग भरने की कोशिश में जुटे हैं।

# सोशल मीडिया : नया नशा, टूटते रिश्ते और बढ़ता मानसिक तनाव

प्रियंका सौरभ

आज का समाज एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है जहाँ एक तरफ तकनीकी प्रगति ने जीवन को सहज और तेज बना दिया है, वहीं दूसरी ओर यही तकनीक धीरे-धीरे सामाजिक ताने-बाने को चुपचाप खोखला कर रही है। सोशल मीडिया, जो कभी सूचना और संपर्क का सशक्त माध्यम था, आज एक ऐसा नशा बन चुका है जिसने परिवार, संबंध और मानसिक स्वास्थ्य तीनों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

पहले के समय में संवाद का अर्थ था - बैठ कर बात करना, साथ हँसना, रोना, बहस करना और समझना। आज यह सब कुछ "टाइप" और "स्क्रॉल" में बदल गया है। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिलाएं हों या पुरुष - सबके हाथ में स्मार्टफोन है और निगाहें स्क्रीन पर। कभी जो बातें रसोई, आँगन या बैठक में होती थीं, आज वो 'स्टेटस अपडेट', 'रील' या 'ट्वीट' में समा गई हैं।

जिस रफ्तार से इंटरनेट की पहुँच और स्मार्टफोन का प्रसार हुआ है, उसी रफ्तार से हमारी असल दुनिया सिमटती जा रही है। सोशल मीडिया ने रिश्तों की परिभाषा बदल दी है - अब दोस्त वो हैं जिनके पोस्ट पर हम हार्ट भेजते हैं, परिवार वो है जिसके मैसेज को हमने "सीन" किया हो, और सुख-दुख वो है जो हमने "स्टोरी" पर साझा किया हो। बच्चे अब खेल के मैदान में नहीं, मोबाइल स्क्रीन पर 'गेमिंग' कर रहे हैं। स्कूलों से लौटकर माँ-बाप से बात करने की बजाय वे इंस्टाग्राम खोलते हैं। किशोरावस्था, जो कभी आत्म-अन्वेषण और सामाजिक अनुभवों का समय हुआ करता था, आज वह सेल्फी, फि ल्टर और वर्चुअल पहचान की दौड़ में उलझ गया है।

सोशल मीडिया के इस अति-उपयोग ने एक ऐसा द्वंद्व पैदा किया है जहाँ व्यक्ति दिखने में बहुत व्यस्त है पर भीतर से बेहद अकेला है। रिश्ते जो कभी जीवन का आधार होते थे, अब 'टैग' और 'मेंशन' में बदल चुके हैं। पति-पत्नी एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन बातचीत व्हाट्सएप पर होती है। माँ-बाप बच्चों को खाना परोसते हैं, और बच्चे खाने से पहले उसकी तस्वीर खींचकर पोस्ट करते हैं।

यह आदत अब लत बन चुकी है - सुबह उठते ही सोशल मीडिया चेक करना, रात को सोने से पहले स्क्रॉल करना, हर क्षण को लाइव करना या कम से कम फोन में कैद करना। यह व्यवहार अब केवल समय की बबार्दी नहीं, बल्कि मानसिक विकारों का बीज भी बन चुका है।

डिजिटल लाइफस्टाइल ने न केवल नींद, आहार, एकाग्रता को प्रभावित किया है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाला है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली 'परफेक्ट ज़िंदगी' का निरंतर सामना आम इंसान को हीन भावना से भर देता है। दूसरों की सफलताओं, सुंदरताओं, यात्रा और जीवनशैली की तस्वीरें देखकर व्यक्ति अपने जीवन को तुच्छ समझने लगता है। यही वह क्षण होता है जब तनाव, अवसाद और आत्मग्लानि जैसे विकार जन्म लेने लगते हैं।

खासकर किशोरों और युवाओं में यह प्रभाव और भी तीव्र है। सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स ने आत्ममूल्यांकन का नया पैमाना बना दिया है। एक पोस्ट पर कम लाइक आए तो आत्म-सम्मान को ठेस लगती है, ट्रोलिंग हो जाए तो महीनों तक अवसाद की स्थिति बनी रहती है। दूसरी ओर, इस प्लेटफॉर्म पर 'फेक आईडेंटिटी' और 'वर्चुअल ग्लैमर' का जाल इतना घना हो गया है कि लोग वास्तविकता से कटते जा रहे हैं। एक तरफ जहां व्यक्ति दूसरों को दिखाने के लिए महंगे कपड़े, कारें और कैफे में फोटो पोस्ट करता है, वहीं असल ज़िंदगी में वह कर्ज. और तनाव से घिरा होता है।

परिवारों में संवाद की जगह अब संदेह, दूरी और झगड़े ने ले ली है। शादीशुदा ज़िंदगियों में सोशल मीडिया पर गैरजरूरी बातचीत और अफेयर्स ने तलाक के मामलों में वृद्धि की है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, सोशल आइसोलेशन और एकांतप्रियता बढ़ी है। बुजुर्ग अपने ही घर में उपेक्षित महसूस करते हैं क्योंकि बच्चे मोबाइल में खोए रहते हैं। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर झूठे आदर्शों और हानिकारक कंटेंट की भरमार भी है। लड़कियों को परफेक्ट फिगर के दबाव में डाला जाता है, युवाओं को सफलता के झूठे मॉडल दिखाकर भ्रमित किया जाता है, और छोटे बच्चे हिंसक या भ्रामक गेम्स में उलझ जाते हैं। आज जब हम 'फैक्ट चेकिंग' और 'डिजिटल लिटरेसी' की बात करते हैं, तब यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया सिर्फ सूचना या मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है - यह अब हमारी सोच, व्यवहार और संबंधों को गहराई से प्रभावित करने वाली शक्ति बन चुका है। भारत जैसे देश में, जहाँ संयुक्त परिवार की परंपरा रही है, वहाँ सोशल मीडिया ने "संयुक्तता" की भावना को गहराई से चुनौती दी है। लोग अब त्यौहारों में साथ बैठकर मिठाई खाने की बजाय उस मिठाई की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने में लगे रहते हैं। रिश्तों का स्पर्श, संवाद की गर्माहट और एक-दूसरे की मौजूदगी की जो भावना होती थी, वह डिजिटल एल्गोरिद्म के पीछे छिप गई है।

यह सच है कि सोशल मीडिया ने कई सकारात्मक चीजें भी दी हैं - आवाज उठाने का मंच, जागरूकता फैलाने का साधन, और कई मामलों में न्याय की दिशा में जनदबाव बनाने का माध्यम। लेकिन जब यही साधन साध्य बन जाए, तो समस्या खड़ी होती है।

## दैनिक पंचांग

**5 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | कर्क में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल**
9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कर्क | 06.13 बजे से |
| सिंह | 08.29 बजे से |
| कन्या | 10.41 बजे से |
| तुला | 12.52 बजे से |
| वृश्चिक | 15.06 ब.से |
| धनु | 17.22 बजे से |
| मकर | 19.28 बजे से |
| कुंभ | 21.14 बजे से |
| मीन | 22.47 बजे से |
| मेष | 00.17 बजे से |
| वृष | 01.57 बजे से |
| मिथुन | 03.56 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 186 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 18.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 19.52 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 20.36 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 05.47 बजे तदनन्तर गर 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872396
**जूलियन दिन** 2460861.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 09
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### हाइवा की चपेट में आने से चालक हुए घायल, रेफर

**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र के गुणीहारी पंचायत अंतर्गत मडई, बेगमपुरा के पास फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के तहत फ्लाईओवर निर्माण का कार्य चल रहा है इसी दौरान शुक्रवार को संबंधित निर्माण कंपनी के हाईवा चालक गिरिडीह जिला के जोड़ा साख गांव निवासी कृष्ण कुमार 25 वर्षीय हाइवा में मिट्टी लेकर निर्माण कार्य स्थल में हाइवा का डाला उठाकर मिट्टी खाली कर रहा था। काफी देर लगने के कारण वह उतर कर डाला के पास जाकर देखने लगा इतना देर क्यों हो रहा है। तभी अचानक टोली उसके ऊपर गिर गया। जिसके चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसे आसपास में ही कार्य कर रहे अन्य साथियों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर ड्यूटी में मौजूद डॉ कुमार सौरभ ने बताया कि घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### सर्वाइकल कैंसर की जांच शिविर आयोजित, 20 महिलाओं की हुई स्क्रीनिंग



**साहिबगंज:** सदर अस्पताल साहिबगंज में आज सर्वाइकल कैंसर की जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 20 लाभार्थी महिलाओं का नि:शुल्क स्क्रीनिंग किया गया।इस जांच शिविर में डॉ. किरण माला, डॉ. अनीता सिंह एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक साल्कू चंद्र हेम्ब्रम (हंसदा) की उपस्थिति में सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका के चलते महिलाओं को प्रारंभिक जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर ₹जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. किरण माला₹ ने बताया कि ₹सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि समय पर जांच हो जाए तो इसे रोका और इलाज किया जा सकता है। महिलाओं को नियमित रूप से इस प्रकार की जांच करानी चाहिए, और भविष्य में ऐसे और भी जागरूकता कार्यक्रम एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने की बात कही गई।

### राजमहल प्रखंड सभागार में बीडियो ने मनरेगा की समीक्षा बैठक की

**राजमहल:** मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन एवं वांछित व्यवधान के निपटारा हेतु शुक्रवार 4 जुलाई को प्रखंड सभागार राजमहल में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ की अध्यक्षता में मनरेगा की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से एनएमएमएस, 100 दिन मानव दिवस,महिला भागीदारी, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, एरिया ऑफिसर ऐप, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन सुधार पर पंचायतवार समीक्षा की गई। बीपीओ श्वेता ने सभी मनरेगा कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के गुड गवर्नेंस के तहत सभी पंचायत आवश्यक तैयारी करे जिसमें अभिलेख संधारण, सीआईबी, जॉब कार्ड अद्यतन, पंचायत भवन स्वच्छ सहित अन्य पर प्रगति लाने का निर्देश दिया।वही महिला मानव दिवस और सौ दिन रोजगार में कार्य योजना तैयार करते हुए उसे धरातल पर उतारने का कार्य करें। दीदी बाड़ी योजना और रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन सुधार की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी रोजगार सेवक को फटकार लगाई गई।

# डकैती कांड का पाकुड़ पुलिस ने किया खुलासा, चार अपराधी गिरफ़्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के नगर थाना क्षेत्र के लड्डू बागान स्थित अंचल निरीक्षक शिवाशीष वात्स्यान के घर पर विगत 16 जून को हुई डकैती कांड का आज पाकुड़ पुलिस ने खुलासा कर दिया। उपरोक्त के संदर्भ में शुक्रवार नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि डकैती कांड में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से कांड में प्रयुक्त 3 देसी कट्टा, 8 एम एम की 3 जिंदा कारतूस, लूटी गयी राशि ?51200 नकद, जेवरात, एक मोटरसाइकिल और 4 मोबाइल बरामद की गई है।



एसपी ने बताया कि डकैती कांड में शामिल 10 से 12 लोगों में अब तक चार गिरफ्तार किये जा चुकें हैं। इनमें रिंकू रजवार (ग), एमिली मरांडी(7), मंजरुल शेख (5) और मणिलाल ठाकुर (5) को टाउन थाना इलाके के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों के निशानदेही पर बलियाडांगा स्थित मजरूल शेख के किराए के मकान से कांड में डकैती की लूटी गई जेवर, नगद राशि कांड में उपयोग किये गये तीन देसी कट्टा और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बताया कि गिरफ्तार किये गए अपराधियों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसपी ने कहा कि कांड के उद्वेदन को ले एसडीपीओ डी एन आजाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठित की गई थी। टीम ने प्रोफेशनल तरीके से जांच कर डकैती कांड का उद्वेदन करने में सफलता पाई है। एसपी बताया कि फिलहाल अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी जारी है। सभी गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

कांड का उद्भेदन टीम में नगर थाना इंचार्ज प्रयाग दास, मुफस्सिल थाना इंचार्ज संजीव कुमार झा, अंशु उपाध्याय, रंजन कुमार, राहुल कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, दिलीप बास्की, सुबल कुमार डे, कन्हैया यादव, आरक्षी सूरज मुर्मू और तकनीकी शाखा शामिल थे।

## कई ग्रामीण महिला हुए साइबर ठगी का शिकार हजारों रुपये उड़ाए, थाना में केस दर्ज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो प्रखंड अंतर्गत कबूतरखोपी गांव में फर्जी फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खुद को फाइनेंस एजेंट बताने वाले चार लोगों ने ग्रामीण महिलाओं को लोन का झांसा देकर उनके आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पैन कार्ड और बायोमेट्रिक फिंगर जैसी जरूरी दस्तावेज जमा करवा कर उनके बैंक खातों से हजारों रुपए उड़ा लिए। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें बिना गारंटी के तहत पचास हजार से एक लाख तक का लोन मिलेगा। इस लालच में आकर दर्जनों महिलाओं ने अपने दस्तावेज सौंप दिए। आरोपियों ने दस्तावेज लेने के बाद कुछ महिलाओं को नकली आवेदन रसीद भी थमाई और कहा कि दो से तीन दिन में पैसा खाते में आ जाएगा। लेकिन लोन तो दूर, जब महिलाएं बैंक पहुंचीं तो पता चला कि उनके खातों से रकम निकाली जा चुकी है। पीड़िता महिला रूबी देवी, सरिता देवी बताती है कि हम लोग तो सोचे कि लोन मिलेगा तो घर में काम शुरू करेंगे, बेटी के शादी में कुछ मदद मिलेगा, लेकिन बाद में बैंक जाकर देखा तो हमारा सारा पैसा ही गायब था। किसी का दस हजार, किसी का पांच हजार, किसी का 34 सौ खाते से निकल चुका था, जबकि किसी ने निकासी नहीं की थी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। प्रभावित महिलाओं ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से जिरवाबाड़ी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## 47 दिव्यांग एवं 20 बुजुर्गों के बीच ट्राई साइकिल का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/हिरणपुर :** ज़िले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में प्रोजेक्ट समावेश के अंतर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना कार्यक्रम के तहत कृत्रिम अंग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा दिव्यांग ओर बुजुर्गों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। ट्राई साईकिल पाकर लाभुक ने सरकार व जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उपायुक्त ने कहा कि समाज के



प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दिव्यांगजन हमारी सामाजिक संरचना का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना हमारा दायित्व है। ट्राई साइकिल जैसे साधन उन्हें न केवल गतिशीलता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बराबरी का अवसर मिल सके। वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्य करते हुए किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए।

## बरहरवा सीओ की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** इन दिनों जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम तेज हो गया है। प्रशासन अतिक्रमण के विरोध कठोर कार्रवाई करते नजर आ रही हैं। ताकि आम जनों को अतिक्रमण से हो रही परेशानी से छुटकारा मिल सके। सड़कों के अतिक्रमित होने से सवारियों के आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ-तहाँ जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसी अतिक्रमित जमीन को प्रशासन मुक्त करवा रहा है। इसी क्रम में पाकुड़ - बरहरवा मुख्य सड़क पर स्थित कोटालपोखर में दो



जुलाई से लगातार जेसीबी के मदद से सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जा रहा है। शुक्रवार को लगातार तीन दिनों से बरहरवा सीओ रामजी वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमित जमीन को खाली करवाया जा रहा है। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की जा रही है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि यह एक अच्छा पहल है जिससे सभी आमजनों को इसका लाभ मिलेगा, साथ ही सड़कों पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगा। वहीं कुछ ग्रामीणों को उनके जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया है। जिसके कारण वे अभी अपना जमीन खाली करने को तैयार नहीं है। जिसपर सीओ रामजी वर्मा ने कहा कि जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है। वह भु-अर्जन कार्यकाल से संपर्क करे। आप सभी को उचित मुआवजा मिलेगा। फिलहाल प्रशासन का बुलडोजर लगातार तीसरे दिन भी अतिक्रमण के खिलाफ गरजता नजर आया।

## राजमहल प्रखंड सभागार में बीडियो ने मनरेगा की समीक्षा बैठक की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**राजमहल :** मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन एवं वांछित व्यवधान के निपटारा हेतु शुक्रवार 4 जुलाई को प्रखंड सभागार राजमहल में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ की अध्यक्षता में मनरेगा की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से एनएमएमएस, 100 दिन मानव दिवस,महिला भागीदारी, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, एरिया ऑफिसर ऐप, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन सुधार पर पंचायतवार समीक्षा की गई। बीपीओ श्वेता ने सभी मनरेगा कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के गुड गवर्नेंस के तहत सभी पंचायत आवश्यक तैयारी करे जिसमें अभिलेख संधारण, सीआईबी, जॉब



कार्ड अद्यतन, पंचायत भवन स्वच्छ सहित अन्य पर प्रगति लाने का निर्देश दिया।वही महिला मानव दिवस और सौ दिन रोजगार में कार्य योजना तैयार करते हुए उसे धरातल पर उतारने का कार्य करें। दीदी बाड़ी योजना और रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन सुधार की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी रोजगार सेवक को फटकार लगाई गई। मौके पर बीपीओ गगन बापू, सहायक अभियंता विकास कुमार चौधरी, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, दीप नारायण मंडल, लेखा सहायक मो सोहर वर्दी,रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में संचालित सभी कोटि के विद्यालयों से यूँडीआईएसई 25-26 आंकड़ा संग्रह प्रपत्र के समेकन हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ साहिबगंज में किया गया,जिसमें सभी प्रखंडों से आए हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्लॉक एमआईएस, कोऑर्डिनेटर ब्लॉक डाटा एंट्री ऑपरेटर सभी पसंकुल साधन सेवी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दरमियान सभी को यह बताया गया कि विद्यालयों से




शैक्षणिक सत्र 25-26 हेतु विद्यालय से संबंधित सभी प्रकार के आंकड़े यथा विद्यालय में नामांकन, शिक्षको की संख्या,आधारभूत संरचना आदि से संबंधित त्रुटिहिन आंकड़ों प्राप्त किया जाना है। जिला स्तर पर प्रशिक्षित सभी कर्मियों द्वारा प्रखंड स्तर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं एक सहायक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालयों से त्रुटिहीन आंकड़ों की प्रविष्टि ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक मनीष कुमार गुप्ता, जिला एमआईएस कोऑर्डिनेटर, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयेन्द्र कुमार मिश्र, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिवारी, तथा प्रखंडों से आए हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सीआरपी एमआईएस कोऑर्डिनेटर डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष राजस्व शिविर का आयोजन आज




**पाकुड़:** जिले के विभिन्न पंचायतों में आज शनिवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। पाकुड़ प्रखंड के कोलाजोड़ा पंचायत में, हिरणपुर प्रखंड के धोवाडांगा पंचायत के पाडेरकोला धुमकुड़िया भवन में, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सोनाधनी पंचायत में, पाकुड़िया प्रखंड के फुलझिंझरी एवं गणपुरा पंचायत में, महेशपुर प्रखंड के श्रीरामपुर पंचायत एवं पथरिया पंचायत में एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड के सिंगारसी पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लगान रसीद और अन्य राजस्व संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिले के सभी पंचायतों में आयोजित हो रहे राजस्व शिविर में आमजनों का राजस्व संबंधित मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जाएगा। पाकुड़वासियों से आग्रह है कि आज दिनांक 05 जुलाई 2025 को आयोजित हो रहे राजस्व शिविर में अवश्य पहुँचे एवं अपने राजस्व संबंधित मामलों का समाधान पाएं।

### ट्रैक्टर चोरी का खुलासा, पश्चिम बंगाल से आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**ईचागढ़:** ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक्टर चोरी मामले में ईचागढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तकनीकी और मानवीय प्रयासों के संयुक्त अनुसंधान के बाद ईचागढ़ पुलिस ने चोरी किए गए ट्रैक्टर को बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामला ईचागढ़ थाना कांड संख्या 43/2025, दिनांक 02 जून 2025 से जुड़ा है। इस कांड में ग्राम लेपाटांड़ निवासी किशोर उरांव ने ट्रैक्टर संख्या खल्06ळ 5157 की चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के नौराडीह गांव से अभियुक्त तपानंद मंडल (23 वर्ष), पिता कृष्णापदो मंडल को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर से चोरी किया गया ब्लू रंग का सोनालिका ट्रैक्टर (इंजन नं. 3100FLU44З1392760F18, चेसिस नं. BZJSP1407253रट) बरामद किया गया। बरामद ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर लिया गया है। वहीं अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी दल में ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पाण्डेय, सब इंस्पेक्टर महाती सिंकु, सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार तिवारी, हवलदार राजेश कुमार एवं अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एसपी ने तालझारी थाना का किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज/तालझारी:** जिला एसपी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को मुहर्रम पर्व के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तालझारी थाना पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी लिये एवं उपस्थित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये। साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। थाना परिसर में थाना के खराब वाहन को देख इसे मरम्मती करवाने को कहा गया। थाना परिसर अवस्थित तालाब को भी साफ सफाई कराने को निर्देश दिया गया। मौके पर डीएसपी विमलेश त्रिपाठी, थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय, एसआई रामसिंह बरबई, मनसा हजाम, दन्दुराय मुंडा सहित पुलिस बल मौजूद थे।

### मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च निकाला



**साहिबगंज/तालझारी:** पर्व-त्योहारों में उपद्रव करने वाले व अशांति फैलाने वालों को सबक सिखाने को लेकर पुलिस की टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च की। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण व सादगी से मनाने को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक भी की गई। पुलिस की टीम शांति भंग करने वालों से निबटने को लेकर अलर्ट हो गई है। इसी क्रम में राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा के नेतृत्व में सकरीगली से फ्लैग मार्च निकाला गया और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। यह फ्लैग मार्च सकरीगली, महाराजपुर, करमपुरातो, तालझारी शहीद चौक होते हुए क्षेत्रों का भ्रमण किया। इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा ने बताया कि त्योहारों के वक्त अशांति फैलाने वालों को इस फ्लैग मार्च के माध्यम से सचेत रहने का संदेश दिया गया है। यह फ्लैग मार्च में एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष पेट्रोलिंग दस्ता सायरन बाइक से सभी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय के अलावा जिला बल व पेट्रोलिंग दस्ता दल के जवान शामिल थे।

### बोरियो पुलिस ने बागमुंडी से एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बागमुंडी निवासी वारंटी जीवन मुर्मू पिता बुजू मुर्मू उर्फ छोटो मुर्मू को गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. पिंकू चौधरी ने फौरन वारंटी का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर मामले को लेकर बोरियो थाना के एएसआई बिराम मार्दी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सीजीएम प्रथम से वारंट जारी था जिसके खिलाफ एसटी कांड संख्या 105/16 पहले से दर्ज था।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर नई कंपनी तैयार करेगी

## न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड 8.5 लाख करोड़ से ज्यादा वैल्युएशन पर आईपीओ लाएगी

**मुंबई।**

मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने एफएमसीजी कारोबार को नए सिरे से संगठित करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी अपने लोकप्रिय उपभोक्ता ब्रांड्स जैसे कैंपा कोला, इंडिपेंडेंस और अन्य 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर एक नई इकाई - न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (एनआरसीएल) बनाने पर ` विचार कर रही है। यह कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड से अलग होकर सीधे रिलायंस इंडस्ट्रीज के अंतर्गत काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे जियो संचालित होती है। इस कदम का उद्देश्य एफएमसीजी सेगमेंट पर विशेष ध्यान केंद्रित करना और उन निवेशकों को आकर्षित करना है, जो इस सेक्टर में दिलचस्पी रखते हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की मौजूदा वैल्यूएशन 8.5 लाख करोड़ से अधिक है और यदि एनआरसीएल का आईपीओ लॉन्च होता है, तो यह भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गमों में से एक बन सकता है। एनआरसीएल का बिजनेस मॉडल आक्रामक होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को स्थापित ब्रांड्स जैसे कोका-कोला और हिंदुस्तान यूनिलीवर की तुलना में 20-40 फीसदी कम कीमत पर बेचेगी। साथ ही रिटेलर्स को अधिक मार्जिन प्रदान कर तेज वितरण नेटवर्क खड़ा करेगी। हाल ही में एनसीएलटी से इस रीस्ट्रक्चरिंग को मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम रिलायंस को टाटा, आईटीसी और रेमंड जैसी कंपनियों की रणनीति की राह पर आगे बढ़ने में मदद करेगा, जिन्होंने अपने विभिन्न बिजनेस यूनिट्स को अलग-अलग लिस्ट कर उनकी वास्तविक वैल्यू सामने लाई है।



## एसएमपीपी को भारतीय सेना ने दिया 300 करोड़ का ठेका

**मुंबई।**

रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनी एसएमपीपी को भारतीय सेना से 300 करोड़ रुपये के दो ठेके हा सिल हुए हैं। एसएमपीपी ने कहा कि हा सिल किए गए इस ठेके से कंपनी आपात प्रावधान के तहत भारतीय सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी भारतीय सेना को 27,700 बुलेटप्रूफ जैकेट और 11,700 उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी के एक अ धिकारी ने कहा कि एसएमपीपी भारत में व्यक्तिगत सुरक्षा बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ आगे रहा है, जो अनुसंधान एवं विकास पर इसके अत्यधिक ध्यान से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले ही 17 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं और 10 पेटेंट दिए जा चुके हैं। एसएमपीपी रक्षा उपकरणों का स्वदेशी विनिर्माता है। इसकी हरियाणा में एक विनिर्माण सुविधा है।

## ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने जुटाए 126 करोड़

**नई दिल्ली।**

ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले 126 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उसने आईपीओ पूर्व निर्गम में 126 करोड़ रुपये जुटाए हैं।' ब्रिगेड होटल ने 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (360 वन) को 90 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.4 करोड़ शेयर जारी किए। यह लेनदेन कंपनी की पूर्व-प्रस्ताव शेयर पूंजी का 4.74 प्रतिशत है। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इससे मिली राशि में से कंपनी करीब 480 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज चुकाने और 107 करोड़ रुपये जमीन के अ धिग्रहण के लिए करेगी। बाकी राशि को अन्य कार्यों के लिए रखा जाएगा।

## जिंदल स्टील को ओडिशा में मिला रोइडा-1 लौह, मैंगनीज ब्लॉक के लिए खनन पट्टा

**नई दिल्ली।**

जिंदल स्टील ने ओडिशा में रोइडा-1 लौह अयस्क एवं मैंगनीज ब्लॉक के लिए 50 साल का खनन पट्टा प्राप्त कर लिया है। जिंदल स्टील ने कहा कि कंपनी ने उक्त खनन पट्टे के अनुदान के लिए ओडिशा सरकार से आशय पत्र (एलओआई) हासिल कर लिया है। बयान के अनुसार 104.84 हेक्टेयर में फैला यह खनिज संसाधन जिंदल स्टील की कच्चे माल की सुरक्षा को बढ़ाता है। साथ ही भारत के खनिज समृद्ध पूर्वी गलियारे में एकीकृत और टिकाऊ इस्पात उत्पादन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जिंदल स्टील के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि यह खनन पट्टा आत्मनिर्भर इस्पात उत्पादन के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। रोइडा-द्व ब्लॉक के साथ, हम अपने लौह अयस्क एवं मैंगनीज आपूर्ति आधार को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत कर रहे हैं, जो परिचालन स्थिरता, लागत दक्षता सुनिश्चित करेगा व हमारी विकास योजनाओं का समर्थन करेगा।

## लंबी गिरावट के बाद स्प्राइट एग्रो के शेयर में दो दिनों से लग रहा अपर सर्किट

**मुंबई।**

एक समय निवेशकों को करोड़पति बनाने वाला` स्प्राइट एग्रो का शेयर अब फिर से चर्चा में है। एक लंबी गिरावट के बाद इस शेयर में बीते दो दिनों से 5-5 फीसदी अपर सर्किट लग रहे हैं। गुरुवार को यह शेयर 3.25 रुपए पर बंद हुआ। शुक्रवार को भी इस शेयर में अपर सर्किट लगा है। कंपनी ने हाल ही में एक्सचेंज को जानकारी दी कि उसने 102 करोड़ का एग्री कमोडिटी ऑर्डर पूरा कर लिया है। इससे पहले भी कंपनी कुल 299 करोड़ मूल्य के ऑर्डर पूरे कर चुकी है। इन खबरों से निवेशकों का कुछ भरोसा फिर लौटता नजर आ रहा है। ` स्प्राइट एग्रो के शेयर ने एक साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया था। 18 अगस्त 2023 को यह शेयर महज 0.33 पर था। ठीक एक साल बाद 9 अगस्त 2024 को यह 44.66 तक पहुंच गया। इस दौरान इसने निवेशकों को 13,435 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। अगस्त 2024 के बाद शेयर में जबरदस्त गिरावट शुरू हो गई। 1 जुलाई 2025 को यह गिरकर 2.93 पर पहुंच गया था यानी ऑल टाइम हाई से अब तक यह शेयर 90 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है।

## भारत-अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील की तैयारी

**कृषि क्षेत्र पर नहीं बनेगी सहमति**

**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले एक मिनी ट्रेड डील की घोषणा की जा सकती है। यह डील दोनों देशों के बीच प्रस्तावित 43 लाख करोड़ रुपए के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डील को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है, हालांकि सभी शर्तों का खुलासा अभी संभव नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अमेरिका को अपने कृषि क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका लंबे समय से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए बाजार की मांग कर रहा था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया। भारत का तर्क है कि देश की 60 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए इस क्षेत्र को विदेशी हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना जरूरी है। अमेरिका ने भी फिलहाल इस मुद्दे पर दबाव न डालने का फैसला किया है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस उत्पादों की खरीद शुरू कर दी है ताकि व्यापार संतुलन बना रहे। साथ ही भारत सरकार ने अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की पर आयात शुल्क कम करने की भी घोषणा की है। जानकारों का मानना है कि इस मिनी डील के बाद आने वाले तीन वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापार में वास्तविक बदलाव दिखने लगेंगे। यह समझौता दोनों देशों के लिए रणनीतिक दृष्टि से अहम है और इसके जरिए वैश्विक व्यापार में एक नया समीकरण बन सकता है।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई पर बीच में उसमें गिरावट आने लगी हालांकि अंत में खरीदीदारी से बाजार में उछाल आया और ये हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 193.42 अंक बढ़कर 83,432.89 अंकों पर बंद हुआ।

इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 55.70 अंकों के उछाल के साथ ही 25,461.00 अंकों पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए, जबकि बाकी की 10 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 50 में से 31 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ उछला के साथ बंद हुए। वहीं 19 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए।

आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.60 फीसदी ऊपर आये जबकि टाटा ग्रुप के ट्रेंट के शेयर आज सबसे ज्यादा 11.93

फीसदी गिरे। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज इंफोसिस के शेयर 1.38 फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.19फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक 1.14 फीसदी , एचसीएल टेक 0.92 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.81 फीसदी , बजाज फिनसर्व 0.68 फीसदी , एसबीआई 0.59 फीसदी , टीसीएस 0.57 फीसदी , रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.56 फीसदी , एक्सिस बैंक 0.50 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.38 फीसदी , एलएंडटी 0.35 फीसदी , बीईएल 0.33 फीसदी , एनटीपीसी 0.21 फीसदी , टाइटन 0.17 फीसदी बढ़कर बंद हुए।




वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.72 फीसदी , टेक महिंद्रा 1.13 फीसदी , मारुति सुजुकी 0.87 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.42 फीसदी , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.34 फीसदी , आईटीसी 0.24 फीसदी के अलावा टाटा मोटर्स के शेयरों में 0.21 फीसदी की गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार में हल्की तेजी रही है। सेंसेक्स 67 अंकों की बढ़त के साथ 83,307 के स्तर पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 13 अंकों की तेजी के साथ 25,418 पर पहुंच गया। आज सुबह बैंकिंग, मेटल और रियल्टी शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों की नजर इस खबर पर थी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा 9 जुलाई से लागू किए जाने वाले टैरिफ से राहत मिल सकती है।

# सोने में हल्की तेजी, चांदी की कीमतों में गिरावट

## सोने के भाव 96,800 रुपए, चांदी लगभग 1,07,900 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत शुक्रवार को सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने के भाव सुधर गए। सोने के भाव 96,800 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,07,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 47 रुपये की गिरावट के साथ 96,735 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,782 रुपये था। इस समय यह 52 रुपये की तेजी के साथ 96,834 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,840 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,735 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,836 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,236 रुपये था। इस समय यह 316 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,920 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,07,920 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,07,836 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,335 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,338.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.05 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 37.08 डॉलर था। इस समय यह 0.22 डॉलर की गिरावट के साथ 36.86 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## एसबीआई ने आरकॉम का लोन अकाउंट फ्रॉड घोषित किया

**अनिल अंबानी ने फैसले को बताया पक्षपातपूर्ण**

**नई दिल्ली।**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड बता` दिया है। यह फैसला हाल ही में बैंक की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन कमेटी की रिपोर्ट के बाद लिया गया। एसबीआई का आरोप है कि कंपनी ने लोन की राशि का दुरुपयोग किया और फंड को रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) और समूह की अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया गया। साथ ही कंपनी ने लोन की शर्तों का भी उल्लंघन किया। बैंक अब आरकॉम के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया में है, जिससे उनकी अन्य वित्तीय गतिविधियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इस घटनाक्रम से टेलीकॉम सेक्टर में एक नई कंट्रोवर्सी शुरू हो गई है। वहीं अनिल अंबानी ने एसबीआई को पत्र लिखकर इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक ने यह फैसला बिना किसी ठोस सबूत और उचित प्रक्रिया के लिया है। उनके अनुसार, उन्हें या कंपनी को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, जो न्यायसंगत प्रक्रिया का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट, बॉम्बे हाईकोर्ट और आरबीआई के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की है।

# चीन से आयात पर निर्भरता घटाने केमिकल फंड की जरूरतः नीति आयोग

**मुंबई।**

रसायन के क्षेत्र में भारत की आयात पर बहुत अधिक निर्भरता पर रोक लगाने के लिए नीति आयोग ने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 8 प्रमुख बंदरगाह आधारित क्लस्टर बनाने, रसायन क्षेत्र में सहायता के लिए एक केमिकल फंड बनाने और विभिन्न सब्सिडी देने का सुझाव दिया है। भारत रसायनों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन भारी आयात पर भी निर्भर है। केंद्र के नीति से जुड़े थिंक टैंक के मुताबिक इसकी वजह से 2023 में इस सेक्टर में 31 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ है। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत की केमिकल जीवीसी में मौजूदा हिस्सेदारी अभी 3.5 प्रतिशत है। भारत के करीब 34 प्रतिशत रसायनों का आयात चीन से होता है, जिसका कुल व्यापार घाटा 29 अरब डॉलर है। नीति आयोग ने कहा कि राजकोषीय और गैर-राजकोषीय हस्तक्षेपों की एक व्यापक श्रृंखला वाले लक्षित सुधारों से भारत को 1 लाख करोड़ डॉलर का रासायनिक क्षेत्र बनाने और 2040 तक जीवीसी में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे वह एक वैश्विक रासायनिक महाशक्ति बन जाएगा। इसमें उम्मीद जताई गई है कि 2030 तक भारत का रसायन के क्षेत्र व्यापार घाटा शून्य हो जाएगा। नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी और पूर्व वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा` कि दुनिया की आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत इस समय आदर्श स्थिति में है। भारत अच्छी स्थिति में है। हम बिल्कुल सही जगह पर हैं।



# पॉपुलर रियलमी 15 सीरीज भारत में होंगे लॉन्च



**नई दिल्ली।**

चाइनीज कंपनी रियलमी ने अपनी पॉपुलर रियलमी 15 सीरीज भारत में लॉन्च करने का ऐलान किया है। स्मार्टफोन की इस सीरीज में रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी शामिल होंगे। रियलमी 15 प्रो को कंपनी ने अपना सबसे एडवांस एआई पार्टी फोन बताया है। फोन में ऐसी एआई तकनीक दी गई है जो कंसर्ट, डांस फ्लोर या घर की पार्टी की लाइटिंग को पहचानकर कैमरा सेटिंग्स को ऑटोमैटिक एडजस्ट करती है। इससे फोटो और वीडियो धुंधले नहीं होते और रंग ज्यादा जीवंत नजर आते हैं। शटर स्पीड, कंट्रास्ट और सेचुरेशन जैसे पैरामीटर रियल टाइम में बदलते हैं ताकि हर पार्टी मोमेंट साफ और यादगार बने। रियलमी 15 प्रो और रियलमी 15 5 जीदोनों फोन में कई शानदार फीचर्स होंगे। इनमें 50 एमपी या उससे ज्यादा रेजोल्यूशन वाला एआई कैमरा होगा जो खासतौर पर पार्टी लाइटिंग में शानदार फोटो ले सकेगा। 5जी सपोर्ट से यूजर को तेज इंटरनेट स्पीड मिलेगी जिससे वीडियो स्ट्रीमिंग और गेमिंग में कोई रुकावट नहीं आएगी। फोन में 6.7 इंच का अमोलेड डिस्प्ले होगा जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट देगा, जिससे यूजर को स्मूद एक्सपीरियंस मिलेगा। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 या बेहतर प्रोसेसर होगा जो गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए उपयुक्त है। 5000 एमएएच से ज्यादा की बैटरी और फास्ट चार्जिंग सपोर्ट इसकी बड़ी खासियत है। कीमत की बात करें तो रियलमी 15 5जी की कीमत लगभग 20,000 रुपये से शुरू हो सकती है, जबकि रियलमी 15 प्रो 5जी करीब 25,000 रुपये में मिल सकता है। फोन का डिज़ाइन स्टाइलिश और हल्का रखा गया है ताकि यह युवाओं को आकर्षित कर सके। इसकी सटीक लॉन्च डेट तो नहीं बताई गई है, लेकिन संभावना है कि यह जुलाई 2025 के पहले हफ्ते में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

# भारत की 14 प्रमुख कार कंपनियों ने बेचीं कुल 43,20,696 कारें



**नई दिल्ली।**

भारत की 14 प्रमुख कार कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 43,20,696 कारें बेचीं। इन कारों में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी गाड़ियों का दबदबा रहा। सबसे ज्यादा पेट्रोल गाड़ियां बिकीं, जिनकी बिक्री 24,84,331 यूनिट रही और इसका मार्केट शेयर 57.5प्रतिशत रहा। पेट्रोल कारों की लोकप्रियता का कारण इनकी कीमत, हर बजट में मौजूद विकल्प, आसान मेंटेनेंस और भरोसेमंद इंजन हैं। मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 11,48,363 पेट्रोल कारें बेचीं और इस सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ साबित की। दूसरी ओर, सीएनजी कारों की मांग ने डीजल को पीछे छोड़ दिया। कम खर्च और खासकर शहरों में बढ़ती मांग की वजह से सीएनजी गाड़ियों की बिक्री 8,38,546 यूनिट तक पहुंच गई, जो कुल बिक्री का 19.4प्रतिशत हिस्सा रही। इसमें मारुति सुजुकी ने 5,91,730 यूनिट्स बेचकर सबसे आगे रही, जबकि टाटा, हुंडई और टोयोटा भी इस सेगमेंट में मौजूद रहे। डीजल गाड़ियों की लोकप्रियता हालांकि घटी है, लेकिन एसयूवी सेगमेंट में इनका वजूद बरकरार है। वित्त वर्ष 2025 में 7,73,303 डीजल गाड़ियां बिकीं और इसका मार्केट शेयर 18प्रतिशत रहा। महिंद्रा ने 4,25,329 यूनिट्स बेचकर डीजल सेगमेंट में अपनी मजबूत स्थिति बनाई। ईवी की कुल बिक्री 1,15,716 यूनिट रही, जो 2.7प्रतिशत मार्केट शेयर है, जिसमें टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। वहीं हाइब्रिड गाड़ियों की बिक्री 1,04,800 यूनिट्स तक सीमित रही और इनका मार्केट शेयर 2.4 प्रतिशत रहा। कीमत ज्यादा और माइलेज फायदा सीमित होने के कारण डिमांड कम रही। इस सेगमेंट में टोयोटा ने 82,848 गाड़ियां बेचकर सबसे बड़ी हिस्सेदारी हासिल की, जबकि मारुति और होंडा भी इसमें शामिल हैं। बता दें कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है। सरकार की सब्सिडी और चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार से ईवी बाजार धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है।

# सेबी ने जाने स्ट्रीट पर लगाया हेराफेरी का आरोप

## 4,844 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश

**मुंबई।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका की ट्रेडिंग फर्म जाने स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी का आरोप है कि यह फर्म बाजार में हेराफेरी कर गैरकानूनी तरीके से मुनाफा कमा रही थी। सेबी ने एक अंतरिम आदेश में जाने स्ट्रीट को 4,844 करोड़ रुपये की अवैध कमाई लौटाने का भी निर्देश दिया है। सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने 105 पेज के आदेश में लिखा है कि इस मामले के तथ्यों को देखते हुए तत्काल रोक के आदेश जरूरी हैं। जब तक जांच पूरी नहीं होती और उससे जुड़े मामले निपट नहीं जाते, सभी एक्सचेंजों को जेएस ग्रुप की सभी गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी होगी, ताकि यह फर्म भविष्य में हेराफेरी न कर सके। सेबी के मुताबिक जाने स्ट्रीट का तरीका कुछ इस तरह था` कि कंपनी पहले ऑप्शंस सेगमेंट में आक्रामक पोजिशन बनाती थी और फिर शेयर बाजार में बड़ी खरीदारी करके दाम को प्रभावित करती थी। खासकर साप्ताहिक इंडेक्स ऑप्शन की एक्सपायरी वाले दिनों में, जब कैश और फ्यूचर्स सेगमेंट में ट्रेडिंग कम होती है, उस वक्त यह कंपनी भारी ट्रेडिंग करके इंडेक्स को अपनी दिशा में मोड़ देती थी और ऑप्शंस में मोटा मुनाफा कमाती थी। जांच में पाया गया कि कंपनी ने बैंक` निफ्टी के 12 स्टॉक्स और उनके फ्यूचर्स में भारी खरीदारी की, जिससे इन शेयरों के दाम ऊपर गए और कंपनी ने ऑप्शंस में बड़ी पोजिशन बनाकर मोटा फायदा उठाया। सेबी के अनुसार जाने स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी से जुड़े शेयरों में असामान्य रूप से अधिक संख्या में बाय ऑर्डर दिए, जो आखिरी सौदे की कीमत के बराबर या उससे ऊपर थे।

# भारतमाला योजना: बिहार में यहां बन रहा नया फोरलेन एक्सप्रेस-वे



## 5 जगह होगा टोल प्लाजा, जानिए एंट्री-एग्जिट

**गुरारू।** भारतमाला योजना के अंतर्गत आमस से दरभंगा तक बनने वाले फोरलेन एक्सप्रेस-वे (एनएच-119 डी) का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा किया जाएगा। गया जिले में इसकी लंबाई 55 किलोमीटर होगी। यह एक्सप्रेस-वे आमस से शुरू होकर मखदुमपुर के समीप शिवरामपुर गांव के पास जहानाबाद जिले में प्रवेश करेगा। एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए 60 मीटर (लगभग 200 फीट) चौड़ाई में भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसमें 27 मीटर चौड़ा एक्सप्रेस-वे बनेगा। इस एक्सप्रेस-वे में वाहन परिचालन के लिए 10-10 मीटर चौड़ाई में दो-दो लेन का निर्माण किया जाएगा। भूतल से यह एक्सप्रेस वे दो मीटर से लेकर सात मीटर तक ऊंचा रहेगा। गया जिले में तीन बड़ी नदियों मोरहर और सोरहर पर तीन प्रमुख पुलों सहित कुल 159 पुल और पुलियों का निर्माण किया जाएगा। इन पुलियों के नीचे कई स्थानों पर ग्रामीण सड़कों से गांवों में आवागमन के लिए अंडरपास भी बनाए जाएंगे। संपूर्ण एक्सप्रेस-वे पर अनधिकृत प्रवेश रोकने और सुरक्षा के लिए डेढ़ मीटर ऊंची चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। गया जिले में आमस से शिवरामपुर के बीच 55 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे पर वाहनों का प्रवेश और निकास आमस में एनएच-19 से होगा। गुरारु प्रखंड में मथुरापुर-गुरारु स्टेट हाईवे 69 पर बन रहे फ्लाईओवर के समीप रानीबाजार से और गुरारु-परैया सड़क में बन रहे रेल ओवर ब्रिज के समीप आजाद विगहा से होगा। टिकारी प्रखंड में पंचानपुर-गया स्टेट हाईवे पर बन रहे फ्लाईओवर के समीप नेपा फतेहपुर से और बेलागंज प्रखंड में बेलागंज-पटना एनएच 22 पर बन रहे फ्लाई ओवर के समीप खनेटा से होगा। इन स्थानों पर वाहनों से टाल टैक्स की प्राप्ति के लिए आमस में वाहन के प्रवेश के बाद 2.400 किलोमीटर अंदर मुख्य टाल प्लाजा बनेगा। इसके अलावा मथुरापुर के रानीबाजार, गुरारु के आजाद विगहा, पंचानपुर के नेपा फतेहपुर, बेलागंज के खनेटा में स्लीप रोड पर रैंप टाल प्लाजा भी बनेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक्सप्रेस-वे पर विभिन्न आकार के पेड़-पौधे भी बड़ी संख्या में लगाए जाएंगे। ये पेड़-पौधे वाहनों के हेडलाइट से निकलने वाली रोशनी का परावर्तन रोकने में मदद करेंगे। जल संरक्षण के लिए प्रत्येक पांच सौ मीटर की दूरी पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे वर्षा का जल जमीन के अंदर पहुंचाया जाएगा और भूगर्भीय जल स्तर बनाए रखने में सहूलियत होगी। वाहनों की सुरक्षा और चालक की सहूलियत के लिए कई स्थानों पर जहां पेड़-पौधे लगाना संभव नहीं है, वहां आधुनिक एंटी ग्लेयर स्क्रीन लगाई जाएगी। यह स्क्रीन सामने से आने वाले वाहनों के हेडलाइट की तेज रोशनी के परावर्तन को रोककर उसे अवशोषित करेगी, जिससे वाहन परिचालन सुरक्षित होगा। गया जिले में एक्सप्रेस-वे पर पंचानपुर और बेलागंज के बीच यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। यहां यात्रियों के लिए कई प्रकार की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## पुल के साथ नमो घाट का रास्ता होगा चौड़ा

**वाराणसी।** गंगा पर राजघाट पुल के पास प्रस्तावित रेल-सह-सड़क पुल निर्माण आने वाली चुनौतियों पर विचार किया गया। इसमें विशेष रूप से नमो घाट तक सड़क पहुंच मार्ग के संबंध में चर्चा की गई। रेलवे के अधिकारियों ने पुष्टि की कि नमो घाट तक पहुंच मार्ग को क्षेत्र में पर्यटन को समर्थन और बढ़ावा देने के लिए चौड़ा किया जाएगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी। ये बातें गुरुवार को मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान तय हुई। जनपद की परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए गंगा पर नए रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण किया जाना है।



यह पुल मौजूदा मालवीय पुल से लगभग 50 मीटर दूर बनाया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए निविदाएं खोली जाने वाली है। इस आगामी नवंबर तक अनुबंधों को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। पुल को लेकर चुनौती मौजूदा सड़क को मोड़ने की थी क्योंकि नए पुल का संरेखण वर्तमान में संचालित यातायात मार्ग से ओवरलैप करता है। यातायात व्यवधानों को कम करने के लिए, यातायात को मोड़ने के लिए चार संभावित विकल्पों की खोज की गई। इन विकल्पों की व्यवहार्यता का आकलन किया जाएगा और जल्द ही रेलवे अधिकारियों द्वारा सूचित किया जाएगा। दूसरी चुनौती जीटी रोड के समानांतर पड़ाव की ओर के क्षेत्र में भूमि स्वामित्व के मुद्दों से संबंधित थी। एसडीएम सदर अमित कुमार ने बताया कि भूमि अधिग्रहण से कोई समस्या नहीं होगी, क्योंकि सभी आवश्यक भूमि सरकार की है। ये भूमि रक्षा, रेलवे या राज्य प्राधिकरणों के अधीन है। एक चुनौती है डार्ट ब्रिज को बढ़े हुए यातायात प्रवाह को समायोजित करने के लिए चौड़ा करने की आवश्यकता।

## संक्षिप्त डायरी

### नालंदा में बड़ा राजनीतिक उलटफेर, भाजपा नेता छोटे मुखिया कांग्रेस में शामिल, सैकड़ों समर्थक भी हुए शामिल



**नालंदा।** राजनीति में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और नालंदा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा, जिससे जिले की राजनीति में नए समीकरण बनते दिख रहे हैं।यह शामिली समारोह नालंदा के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां छोटे मुखिया के साथ उनके दर्जनों समर्थक भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार प्रभारी देवेंद्र यादव, राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति और पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। समारोह में छोटे मुखिया का जोरदार स्वागत किया गया।कांग्रेस में शामिल होने के बाद छोटे मुखिया ने अपने राजनीतिक जीवन की चर्चा करते हुए कहा, मेरा सफर एक साधारण मुखिया से शुरू हुआ और जनसेवा के जरिए आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। उन्होंने इसे तीन दशक बनाम पांच वर्ष की लड़ाईह्व बताते हुए कहा कि नालंदा में सुशासन की आड़ में एक व्यक्ति की सत्ता चल रही है, जिससे जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और सत्ता का केंद्रीकरण जैसे मुद्दों से जनता परेशान है और यही कारण है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने छोटे मुखिया के पार्टी में प्रवेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस-INDA गठबंधन आने वाले चुनाव में नालंदा सहित पूरे राज्य में मजबूत होकर उभरेगा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, छोटे मुखिया जदयू नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के धुर विरोधी माने जाते हैं। उनके कांग्रेस में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनावों में नालंदा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की पूरी संभावना है। जहां यह कदम कांग्रेस को नालंदा में नई ऊर्जा देगा, वहीं भाजपा के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

### यातायात पुलिस की बड़ी लापरवाही, नो एंट्री में घुसे ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, विरोध में बवाल



**सासाराम।** जिला मुख्यालय सासाराम से यातायात पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। शहर के गौरक्षणी मोहल्ले में महावीर मंदिर के समीप शुक्रवार की सुबह नो एंट्री में घुसे एक ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमडिहरी गांव निवासी अनिल चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक गौरव कुमार अपने बाइक से कोचिंग जा रहा था, तभी महावीर मंदिर के समीप एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर हीं युवक की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक भीड़भाड़ वाले इलाके से ट्रक लेकर आराम से फरार हो गया, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के तुरंत बाद नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि नो एंट्री के बावजूद अक्सर पूरे दिन शहर में ट्रकों का परिचालन होता रहता है। अगर यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री का अनुपालन सख्ती से किया जाता तो युवक की जान बच सकती थी। इस दौरान आक्रोशित लोग एसपी को घटनास्थल पर बुलाने, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।इधर, घटना की सूचना मिलते हीं सदर एसडीएम आशुतोष रंजन एवं डीएसपी वन दिलीप कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और लोगों को समझा बूझाकर सड़क से हटाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद प्रशासन ने आश्वासन देकर लोगों को सड़क से हटाया, जिससे यातायात सामान्य रूप से बहाल हो सका। हालांकि इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था लगभग दो घंटे तक प्रभावित हुई और लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। गौरतलब हो कि घटना के पीछे यातायात पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल शहर में सुबह 7 बजे से लेकर रात 8 बजे तक नो एंट्री के तहत बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है, लेकिन बावजूद इसके लगभग 8 बजे शहर के व्यस्त इलाके गौरक्षणी में एक ट्रक से हुई दुर्घटना ने यातायात पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बता दें कि शहर में यातायात पुलिस की मिली भगत से भारी वाहनों का छिटपुट प्रवेश होता रहता है, जिसके कारण अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

## चुनाव आयोग को लेकर उठते सवालों पर

# चिराग पासवान ने विपक्ष को घेरा

### आम आदमी पार्टी की बिहार में एंट्री पर क्या बोले?

**वैशाली।** जिला के हाजीपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहाँ अंजान पीर गंडक पुल पर कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इसी दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। तेजस्वी यादव द्वारा चुनाव आयोग को 'मोदी कमीशन' कहे जाने के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि ₹इन लोगों के पास अपनी हार को छुपाने का कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। कभी ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं, अब चुनाव आयोग वाला यह बहाना मिल गया है। अगर इतने ही गंभीर थे, तो क्यों चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि गंभीरता का अभाव है? जब प्रतिनिधित्व देने की बात आई, तब तो इतने दलों में से मात्र दो दल वहाँ पर पहुँचे। अगर इतनी ही चिंता है, तो तथ्य तो दिखाएँ, कुछ तो करें।



इसमें क्या दिक्कत है, कहाँ गलत हो रहा है?₹ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र के केंद्र की सत्ता में आने पर आरएसएस को बैन करने वाले बयान पर चिराग पासवान ने कहा, ₹भाई, इस तरीके की बात करने से जनता को क्या लाभ मिलने वाला है? कांग्रेस इतने समय तक सत्ता में रही, केंद्र में हो चाहे बिहार में हो, उन्होंने सिर्फ द्वेष की भावना से कार्य किया। अगर उनका एक प्रतिशत भी जनता के हित की भावना को रखते हुए किया होता, तो आज उन लोगों का यह हश्र न होता।₹इंडिया गठबंधन से अलग होकर आम आदमी पार्टी के बिहार में चुनाव लड़ने के ऐलान पर चिराग पासवान ने कहा, ₹अच्छी बात है, स्वागत है, बहुत बढ़िया है। पर बिहार और बिहारी कम से कम केजरीवाल के बहकावे में नहीं आने वाले हैं। दिल्ली में भी बिहारियों की एक बड़ी आबादी है। 10 साल तक उन्होंने किस तरीके से केजरीवाल को झेलने का काम किया है। परिणाम किस तरीके से उनको सत्ता से बाहर किया। अब वह बिहार आ रहे हैं, और बिहार की जनता उनको कतई स्वीकार नहीं करेगी। अपने दौरे के दौरान, चिराग पासवान नगर के शाही कॉलोनी में पार्टी के कर्मचारी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष कबीर पासवान के पिता कृष्ण मोहन पासवान के किडनी ऑपरेशन के बाद उनके घर पहुँचे। वहीं, बड़ी युसूफपुर में सुखदेव भगत के निधनोपरांत उनके आवास पर जाकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। गोरौल के रूसूलपुर कोड़ी में छात्र प्रखंड अध्यक्ष सिक्रीम पासवान के विवाह के उपरांत उनके घर पहुँचकर नव-दंपति को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। वहीं, पोझा पंचायत में प्रखंड अध्यक्ष मिंटू पासवान के भाई शत्रुघ्न पासवान के बिजली के करंट लगने से निधन के उपरांत उनके घर पहुँचकर चित्र पर माल्यार्पण कर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## चुनाव की तैयारी में जुटे सीएम नीतीश कुमार

**पटना।** मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने गुरुवार को बड़ी संख्या में पार्टी के नए-पुराने कार्यकताओं और नेताओं से मुलाकात की। इसे विधानसभा चुनाव की प्रारंभिक तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी लोग चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने के लक्ष्य के साथ जनता के बीच जाएं। राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएं। सीएम ने कहा कि उन्हें यह भी बताएं कि 2005 से पहले राज्य की क्या स्थिति थी। 20 वर्षों के शासन में कितना बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जदयू के नेता और कार्यकर्ता एनडीए के उम्मीदवारों की जीत के लिए भरपूर प्रयास करें। पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकताओं से मुलाकात का यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। मुख्यमंत्री आवास स्थित कार्यालय में नेता-कार्यकर्ता बारी-बारी से आ रहे थे। सिलसिला तीन बजे शुरू हुआ। सवा चार बजे तक चला। तीन सौ से अधिक लोगों ने



मुख्यमंत्री से मुलाकात की। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ एवं विधान परिषद सदस्य संजय गांधी भी मौजूद थे। मुलाकातियों में कुछ टिकट चाहने वाले भी थे। मुख्यमंत्री ने उनका आवेदन लिया। बोर्ड, आयोग और निगम में पद के आकांक्षी भी थे। कुछ कार्यकताओं ने अपनी निजी समस्याओं के निदान के लिए आवेदन दिया। मुख्यमंत्री ने ऐसे आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजने का निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि राज्य भर के नेता कार्यकर्ता लंबे समय से मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांग रहे थे। उन सबको एकसाथ बुला लिया गया।

## डुमरांव में बालू के ट्रकों का आतंक, राजमार्ग पर लगा जाम

**बक्सर।** डुमरांव-बिक्रमगंज राष्ट्रीय राजमार्ग-120 पर इन दिनों बालू लदे ट्रकों के वजह से जाम लगा रहता है। डुमरांव टीचर ट्रेनिंग स्कूल से कोरान सराय तक करीब 10 किलोमीटर तक सड़क के दोनों किनारे बेतरतीब तरीके से ट्रकों की लंबी कतारें लग जाती हैं। यह सिलसिला बीते कई महीनों से जारी है, लेकिन हैरानी की बात है कि अब तक प्रशासन की नींद नहीं खुली है। शहर में सुबह आठ बजे से रात को 10 बजे तक नो एंट्री लागू रहने के कारण ट्रक चालक दोपहर से ही इस मार्ग को अस्थायी पार्किंग बना लेते हैं। राजमार्ग पर ट्रकों के खड़े होने से सुबह और शाम के वक्त लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर स्कूली बच्चे, रेलयात्रा करने वाले लोग और इलाज के लिए जाने वाले मरीज इस अघोषित जाम से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। शनिवार



की सुबह शहर में ट्रकों की भरमार से कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय चौक रोड निवासी और फर्नीचर व्यवसायी रोहित कुमार ने बताया कि दर्जनों निजी स्कूलों की बसें जाम में फंस गईं, जिससे नन्हें-मुन्ने बच्चों को काफी परेशानी हुई। यही नहीं चौगाईं से रिजर्व ऑटो में सवार होकर आकांक्षा देवी व रोहित मिश्रा जनशताब्दी एक्सप्रेस पकड़ने निकले, लेकिन ट्रकों की कतार के कारण समय पर स्टेशन नहीं पहुंच सके और ट्रेन छूट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। दवा व्यवसायी संजय दयाल, पंकज कुमार, मंगरू सिंह, अशोक प्रसाद और शिक्षक डॉ मनीष कुमार शशि सहित अन्य कई लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस को मिलकर इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालना चाहिए, ताकि यह सड़क मार्ग सुचारू रूप से चालू रह सके। डुमरांव जैसे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की यह स्थिति चिंताजनक है। यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, लोगों के आवागमन पर भी बुरा असर पड़ेगा।

## जिसके लिए सड़कों पर उतरे लोग, उसने रचा ली शादी, लापता मोनिका ने पोस्ट किया वीडियो

**दरभंगा।** समस्तीपुर की मोनिका 27 जून को कॉलेज जाने के लिए दरभंगा निकली और लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। छात्र संगठनों के साथ-साथ लड़की के परिजनों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस ने कुशल बरामद की मांग की। अब लड़के के लापता होने के 7 दिन बाद मोनिका का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में मोनिका कह रही है, 'मैं अपनी मर्जी से घर से निकली हूं। मेरा कोई अपहरण नहीं हुआ है। मैंने अपनी इच्छा से शादी की है। कृपया मुझे ढूंढना बंद कर दें। सोशल मीडिया से मेरी तस्वीरें और वीडियो वायरल किया जा रहा है, जिसे तुरंत हटवाया जाए।' 'मेरी निजता का उल्लंघन हो रहा है। मानसिक स्थिति भी खराब हो रही है। अगर फोटो और वीडियो नहीं हटाया गया तो मैं मानहानि का केस करूंगी। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मेरा सारा पोस्ट तुरंत हटवाया जाए।' गुरुवार की शाम मोनिका की





बरामदगी की मांग को लेकर छात्र संगठन आईसा ने समस्तीपुर में प्रतिरोध मार्च निकाला। शहर के पशुपालन कार्यालय के पास से आईसा के कार्यकताओं ने मार्च निकाला, जो शहर के परिसदन, अस्पताल गोलंबर, स्टेडियम मार्केट होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां छात्रों ने गायब छात्रा की बरामदगी को लेकर नारेबाजी की। कार्यकताओं ने कहा कि घटना दरभंगा की है, लेकिन स्थानीय प्रशासन को भी कदम उठाना चाहिए। मोनिका समस्तीपुर के कपूरी गांव की रहनी वाली है। वो दरभंगा के ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के सीएम कॉलेज की पीजी सेकेंड सेमेस्टर की स्टूडेंट है। मोनिका रोजाना समस्तीपुर से ट्रेन से कॉलेज आती थी। 27 जून को भी सुबह 7 बजे समस्तीपुर से निकली थी। करीब 9 बजे दरभंगा पहुंचने के बाद उसने पिता को कॉल कर बताया हम राजकुमारगंज में है। इसके बाद से मोनिका का मोबाइल बंद हो गया। लड़की के पिता पवन कुमार शर्मा ने बताया, 'बेटी से संपर्क की, लेकिन कोई बातचीत नहीं हुई। फिर कॉलेज पहुंचकर खोजबीन की। कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज में मोनिका सुबह 8:59 बजे मेन गेट से कॉलेज में प्रवेश करती दिख रही है। 9:02 बजे वो सेकेंड फ्लोर पर जाती नजर आई। लेकिन छुट्टी के बाद कॉलेज से बाहर निकलते हुए नहीं दिखी। इसके बाद नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।' पवन कुमार शर्मा ने बताया था, '27 जून की सुबह 6:30 बजे बेटी को समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़ा था। वो जानकी एक्सप्रेस से दरभंगा गई थी। कॉलेज पहुंचकर फोन भी की थी। इसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ बताने लगा था।' पवन ने आगे बताया कि 'शाम 6:00 बजे तक इंतजार किया। वह नहीं लौटी तो शाम 7:00 बजे दरभंगा के लिए निकले। रात होने की वजह से अगले दिन लहेरियासराय थाने की पुलिस के साथ कॉलेज पहुंचे।' 'प्रिंसिपल के चेंबर में सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया।



# एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान घायल हुईं अदा शर्मा

फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नाक पर गंभीर चोट लगी है। 'द केरल स्टोरी' फेम अदा ने बताया कि यह चोट एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान लगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अदा इस फिल्म में जोरदार एक्शन सीक्वेंस करती नजर आएंगी। यह हादसा एक स्टंट रिहर्सल के दौरान हुआ। 'कमांडो 2' और 'कमांडो 3' में अपने शानदार एक्शन के बाद, अदा इस नई फिल्म में एक्शन का स्तर और ऊंचा करने वाली हैं। चोट के बावजूद, अदा ने अपने जज्बे को बनाए रखा और कहा, दर्द अस्थायी है, लेकिन सिनेमा हमेशा चलता रहेगा। अब मैं एक एक्शन हीरोइन जैसी दिखती हूं। जिस रात मुझे चोट लगी, अगले दिन मैं एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रही थी। शूटिंग के बीच मैं सूजन कम करने के लिए आइस पैक का इस्तेमाल कर रही थी और मेकअप की मदद से चोट को छिपाया गया। अदा की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा, अभिनेत्री तीन भाषाओं में बनी फिल्म में 'देवी' की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसकी तैयारी उन्होंने पूरी कर ली है। फिल्म का निर्देशन बीएम गिरिराज कर रहे हैं। अदा के पास 'रीता सान्याल सीजन 2' और एक अनटाइटल्ड हॉरर फिल्म भी है, जिसमें वह लीड रोल में नजर आएंगी। अदा ने अपनी भूमिकाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया, मुझे इतने शानदार किरदार निभाने और प्रतिभाशाली फिल्म मेकर्स के साथ काम करने का मौका मिला, मैं बहुत लकी हूं। चाहे वह 'द केरल स्टोरी' जैसी कहानियां हों या 'रीता सान्याल' जैसे किरदार, मैं इन्हें और भी वास्तविक और प्रामाणिक बनाने की कोशिश करती हूं।



# पुरी जगन्नाथ की फिल्म में विजय सेतुपति के साथ दिखेंगी संयुक्ता



निर्देशक पुरी जगन्नाथ की बहुप्रतीक्षित अपकमिंग फिल्म की शूटिंग अब जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू होगी। फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। पुरी जगन्नाथ की इस महत्वाकांक्षी फिल्म को लेकर प्रशंसकों और सिने प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पहले यह शूटिंग जून के आखिरी सप्ताह में शुरू होने वाली थी, लेकिन अब इसे जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू करने का फैसला लिया गया है। फिल्म की शूटिंग के पहले शेड्यूल में विजय सेतुपति के साथ अन्य एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म पुरी जगन्नाथ के प्रोडक्शन हाउस पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले बन रही है, जिसे चार्मी कौर प्रस्तुत कर रही हैं। इसके साथ ही जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोल्ला के सहयोग से फिल्म की भव्यता को और बढ़ाया जाएगा।

फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता, विजय सेतुपति के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगी, जबकि तब्बू और विजय कुमार महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार, संयुक्ता का किरदार कहानी में महत्वपूर्ण होगा। वह शानदार अंदाज में फिल्म में दिखेंगी। संयुक्ता इस कहानी और अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

पहले शेड्यूल के लिए हैदराबाद और चेन्नई में लोकेशन की खोज पूरी हो चुकी है। यह पैन-इंडिया फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। पुरी जगन्नाथ अपनी शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में वह विजय सेतुपति की प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने खास अंदाज को पेश करेंगे। यह फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें अनूठी कहानी और पुरी के खास निर्देशन का मिश्रण होगा। सभी प्री-प्रोडक्शन तैयारियां हो चुकी हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। पुरी जगन्नाथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सफल निर्देशक हैं, जो तेलुगू फिल्म बदरी, इत्लु श्रावणी सुब्रमण्यम, अप्पू, इडियट, देसमुदुरु, बिजनेसमैन, और पोकरी जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

# टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय



टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं।

उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है। नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा, इस गाने के बोल 'मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी। 'दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की। उन्होंने कहा, आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म-प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों। मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है। अभिनय करियर की बात करें तो नायरा ने 'दिव्या दृष्टि' में मुख्य भूमिका से लोकप्रियता हासिल की। इसके अलावा, वह 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 13' और 'बिग बॉस 18' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं।




# धनुष-कृति सेनन स्टारर तेरे इश्क़ में... की शूटिंग पूरी

आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और धनुष व कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म तेरे इश्क़ में की शूटिंग अब सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। इस फिल्म का निर्माण आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा और भूषण कुमार ने किया है, और इसके भावनात्मक कहानी व नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अभिनेता धनुष ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह रोमांचक अपडेट साझा करते हुए फैंस के साथ अपनी खुशी जाहिर की। यह घोषणा उन अटकलों को खत्म करती है जो फिल्म के निर्माण की स्थिति के बारे में चल रही थीं। आनंद एल राय के सिग्नेचर स्टोरीटेलिंग स्टाइल के साथ तेरे इश्क़ में एक गहराई से भरी और भावनात्मक सिनेमाई यात्रा होने का वादा करती है। यह फिल्म दर्शकों को प्यार, रिश्ते और मानवीय भावनाओं के जटिल ताने-बाने को एक नए दृष्टिकोण से दिखाएगी। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ के साथ-साथ कलर येलो प्रस्तुत करते हैं तेरे इश्क़ में। फिल्म को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि भूषण कुमार और कृष्ण कुमार सह-निर्माता हैं। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी है। धनुष और कृति सेनन द्वारा अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होने वाली है।



# तेजस्वी के साथ रिश्ते में दरार की अफवाहों पर करण ने दिया जवाब



**करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश चार साल से रिलेशनशिप में हैं। कपल की मुलाकात रियलिटी शो बिग बॉस 15 में हुई थी। तब से दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। मगर कुछ यूट्यूब चैनल की तरफ से ऐसा दावा किया गया कि दोनों का रिश्ता फर्जी है। कुछ में कहा गया कि रिश्ते में दरार आ गई है। ऐसी अफवाहों पर करण कुंद्रा ने प्रतिक्रिया दी है।**

## फेक रिलेशनशिप की खबरों को बताया फर्जी

करण कुंद्रा पर अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर को धोखा देने का आरोप भी लगाया है। इस तरह की खबरों और दावों पर रिएक्ट करते हुए करण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। उन्होंने फर्जी खबरें प्रसारित करने वाले यूट्यूब चैनल को आड़े हाथों लिया है। करण कुंद्रा कुछ यूट्यूब वीडियोज के स्क्रीनशॉट्स शेयर करते हुए लिखा है, थोड़ा और पैसा लगाओ मेरे शुभचिंतकों, दाल गल नहीं रही तुम्हारी।

## गो फंड मी स्थापित करने पर विचार कर रहा हूं

करण कुंद्रा ने एक्स पर भी कई नेटिजन्स को जवाब दिए हैं। एक को जवाब देते हुए उन्होंने लिखा है, इन लोगों के लिए एक गो फंड मी स्थापित करने के बारे में सोच रहा हूं, क्योंकि बेचारे कम बजट वाले पेजों को ही भुगतान कर रहे हैं दुखद। करण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे कुकिंग-रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इसमें उनके पार्टनर एल्विश यादव हैं।

## ये मीडिया पेज नहीं

करण कुंद्रा का कहना है कि उनके खिलाफ चल रहीं ऐसी खबरें पेड हैं। इसके अलावा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कुछ नेटिजन्स को जवाब देते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी खबरें प्रसारित करने वाले मीडिया पेज नहीं हैं, बल्कि ये यूट्यूब चैनल हैं, जो सिर्फ पैसे के लिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। करण कुंद्रा ने कहा, ये मीडिया पेज नहीं हैं। ये पेज पैसे के लिए ऐसा करते हैं।



# धूम से लेकर गुरू तक, इन फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए मशहूर हैं अभिषेक बच्चन

**30 जून 2000 में अभिषेक बच्चन ने बॉलीवुड की दुनिया में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म रिफ्यूजी थी, जिसकी आज सिल्वर जुबली मनाई जा रही है। इस फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग को काफी सराहना मिली थी। अभी तक के करियर में अभिषेक बच्चन ने कई फिल्मों में शानदार काम किया है। इसके अलावा आजकल अभिनेता अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता से भी चर्चा में हैं, जो 4 जुलाई को जी5 पर रिलीज होने वाली है। चलिए जानते हैं उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में।**

## युवा

मणिरत्नम के निर्देशन में साल 2004 में एक क्राइम थ्रिलर फिल्म आई युवा। इसमें अभिषेक बच्चन ने लल्लन सिंह की भूमिका निभाई थी, जो एक षणयंत्र में फंस जाते हैं। फिल्म में अभिनेता के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान और विवेक ओबरॉय जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में थे।

## गुरू

साल 2007 में मणिरत्नम के निर्देशन में एक फिल्म रिलीज हुई गुरू। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती, आर माधवन और विद्या बालन नजर आए थे। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें दिखाया जाता है कि बेहद ही सरल और सामान्य आदमी मुंबई आता है और वो बहुत बड़ा उद्योगपति बन जाता है। इसमें अभिषेक बच्चन ने शानदार अभिनय किया था।

## मनमर्जियां

अभिषेक बच्चन अभिनीत मनमर्जियां साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी रोमांटिक-ड्रामा जॉनर की थी। इसमें अभिनेता ने बॉबी भाटिया का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। मनमर्जियां में अभिषेक बच्चन के अलावा विक्की कौशल, तापसी पन्नू जैसे कलाकार मौजूद थे।

## पा

आर बाल्की के निर्देशन मे साल 2009 में पा फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन नजर आए थे। फिल्म में असल जिंदगी से उलट अभिषेक बच्चन, बिग बी के पिता बने थे और और अमिताभ बच्चन उनके बेटे के रोल में नजर आए थे। इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

# रिद्धि डोगरा ने दिया जीवन का मूल मंत्र, बोलीं- 'दिखावे में अपने जड़ों को ना भूलें'

बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस मॉडर्न ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही कूल अंदाज में पोज देकर फोटोज क्लिक करा रही हैं। इस तस्वीर में अभिनेत्री हंसती-खिलखिलाती हुईं पलों को एंजाय करती दिख रही हैं। अगर इसकी बात करें तो इसमें अभिनेत्री ने लिखा कि आप अपने जिंदगी को खुलकर जिएं, जो आप हैं उसी तरह। बहुत दिखावटी में ना जिएं। इसके अलावा अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ कैप्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि आप अपने मूल का ना भूलें, क्योंकि वही आपके लिए सबसे बड़ा उपहार है। इसके साथ ही आपको मिली एक-एक सांस बहुत कीमती है, उसका आनंद लें। रिद्धि डोगरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया था।



# बर्मिंघम में जेमी स्मिथ ने बल्ले से मचाई तबाही, वनडे की तरह टेस्ट में सेंचुरी ठोक कर बनाया दिया ये रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां इस मैच के तीसरे दिन मोहम्मद सिराज ने भारतीय टीम को कमाल की शुरुआत दिलाई। सिराज ने इंग्लैंड के लगातार 2 बल्लेबाजों को आउट कर टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों के फीते खोल दिए। जेमी ने इस मैच में इंग्लैंड की वापसी कराते हुए एक बेहतरीन शतक लगाया। जेमी स्मिथ ने सिर्फ 80 गेंदों में अपना शतक ठोका।

भारतीय टीम के गेंदबाजों पर जेमी स्मिथ ने गजब का हमला बोला। जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों पर शतक पूरा करते हुए टीम इंडिया को प्रेशर में डाल दिया। स्मिथ ने अपनी पारी में 14 चौके और 3 छक्के लगाए हैं। उन्होंने अपना शतक बी रविंद्र जडेजा की लगातार दो गेंदों पर दो चौके जड़कर पूरा किया। वहीं वह इंग्लैंड के लिए तीसरा सबसे तेज शतक टेस्ट क्रिकेट में जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

दाएं हाथ के बल्लेबाज जैमी स्मिथ ने 80 गेंदों में 14 चौके और 3 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उनका स्ट्राइक रेट 126.25 का था। वे इंग्लैंड के संयुक्त रूप से तीसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने 80 या इससे कम गेंदों में शतक ठोका है। उनसे पहले हैरी ब्रूक, जॉनी बेयरस्टो और गिलबर्ट जेसोप ने 80 या इससे कम गेंदों में शतक इंग्लैंड के लिए जड़ा है। बेन स्टोक्स पांचवें नंबर पर हैं।



## एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप : भारत की पुंगनी तारा ने जीता रजत पदक



**अस्ताना (कजाकिस्तान) (एजेंसी)।** भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता।

पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुंगनी तारा को हार्दिक बधाई देता हूं और सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह परिणाम हमारे एथलीटों के समर्पण और हमारी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, खासकर सीमित तैयारी के समय को देखते हुए। इस सफलता से चैंपियनशिप में भारतीय दल के लिए एक प्रेरक शुरुआत हो।

## 148 सालों में सबसे खराब गेंदबाज! प्रसिद्ध कृष्णा ने भारत बनाम इंग्लैंड मैच में बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** प्रसिद्ध कृष्णा के इंग्लैंड के खिलाफ काफी उम्मीदे थें। लेकिन वह मौजूदा टेस्ट सीरीज में इन उम्मीदों पर खर नहीं उतर रहे हैं। एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में अपने खराब प्रदर्शन के साथ प्रसिद्ध के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है। वह टेस्ट क्रिकेट के 148 वर्ष के इतिहास में सबसे खराब इकॉनमी रेट वाले गेंदबाज बन गए हैं।



वर्तमान में टेस्ट में प्रसिद्ध का इकॉनमी रेट 5.26 है, जो लगातार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने और विरोधियों को मुफ्त में मौका देने में उनकी अक्षमता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार प्रसिद्ध के नाम अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे खराब इकॉनमी रेट (न्यूनतम 500 गेंद) का रिकॉर्ड है। प्रसिद्ध ने अपने टेस्ट करियर में प्रति ओवर पांच से ज़्यादा रन दिए हैं।

वहीं इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की बात करें तो उन्होंने 12 ओवर में 71 रन लुटाए हैं और एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इस दौरान उन्होंने केवल एक ओवर ही खाली फेंका। ऐसे में इस मैच में ही उनका इकोनॉमी रेट 5.90 हो गया है। इससे पहले बांग्लादेश के शहादत हुसैन के नाम यह रिकॉर्ड था, जिन्होंने 38 मैचों में 4.16 की इकॉनमी रेट से 3,731 रन दिए थे। हुसैन ने 2005 से 2015 के बीच बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था।

मैच की बात करें तो एक समय 84 रन पर 5 विकेट गंवाने वाली इंग्लैंड टीम अब काफी मजबूत नजर आती है जिसने जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक के शतकों की बदौलत 290/5 का स्कोर बना लिया है। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए जिसमें शुभमन गिल के दोरहे शतक (269) के साथ-साथ यशस्वी जायसवाल (87) और रविंद्र जडेजा (89) की पारियों ने भी इस स्कोर तक पहुंचने में मदद की।

## बांग्लादेश में वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेलेगी भारतीय टीम!, सरकार ने वहां न जाने की सलाह दी

**लंदन (एजेंसी)।** नई दिल्ली –भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सूत्रों के अनुसार अगस्त में होने वाला भारत का बांग्लादेश दौरा पिछले कुछ महीनों में देश में व्याप्त स्थिति के कारण रद्द होने की संभावना है। भारत को 17 अगस्त से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है जिसके बाद 26 अगस्त से तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला खेली जाएगी।

भारत के बांग्लादेश दौरे के बारे में बात करते हुए BCCI के एक सूत्र ने बताया, 'भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द होने की संभावना है, क्योंकि सरकार ने BCCI को वहां न जाने की सलाह दी है क्योंकि वहां स्थिति ठीक नहीं है। इस बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।' भारत ने आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों ने तीन मैचों की टी20आई (3-0) और दो मैचों की टेस्ट सीरीज (2-0) में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला खेला था। मेहमान टीम ने बांग्लादेश टाइगर्स पर क्लीन स्वीप दर्ज की क्योंकि उन्होंने दौरे पर एक भी मैच नहीं गंवाया। इससे पहले भारत ने ढाका में दुर्गा मंदिर के विध्वंस की निंदा की थी और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की भूमिका की आलोचना की थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमें पता चला है कि चरमपंथी खिलखेत, ढाका में दुर्गा मंदिर के विध्वंस के लिए शोर मचा रहे थे। अंतरिम सरकार ने मंदिर को सुरक्षा प्रदान करने के बजाय इस घटना को अवैध भूमि उपयोग के रूप में पेश किया और मंदिर को नष्ट होने दिया। इसके परिणामस्वरूप देवता को स्थानांतरित करने से पहले ही नुकसान पहुंचा है। हम इस बात से निराश हैं कि बांग्लादेश में ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हिंदुओं, उनकी संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है।'




इससे पहले मई में भारत ने बांग्लादेश के अंतरिम मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की विवादास्पद टिप्पणियों के बाद अपने पूर्वोत्तर भूमि बंदरगाहों असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल में फुलबारी और चंगराबांधा के माध्यम से बांग्लादेशी रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) और अन्य उत्पादों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था।

चीन में एक भाषण के दौरान बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को 'समुद्र तक पहुंच नहीं रखने वाले भूमि से घिरे क्षेत्र' के रूप में वर्णित किया था। इस टिप्पणी ने कूटनीतिक घर्षण को जन्म दिया है, भारतीय अधिकारियों ने इसे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और स्थिति को कमजोर करने के रूप में देखा है। नए प्रतिबंधों ने बांग्लादेश को रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्लास्टिक, मेलामाइन, फर्नीचर, जूस, कार्बोनेटेड पेय, बेकरी आइटम, कन्फेक्शनरी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों सहित निर्यात को पश्चिम बंगाल में कोलकाता बंदरगाह या महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से पुनर्निर्देशित करने के लिए मजबूर किया है जिससे रसद लागत बढ़ गई है।

## नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में बनाया एक और रिकॉर्ड

लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।% पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की। आंद्रीवा ने इटल की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से हराया जबकि नवारो ने एकतरफा मुकाबले में वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। विंबलडन 2022 चैंपियन एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी जबकि 19वें वरीय ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।



## डब्ल्यूटीसी में रोहित को पीछे छोड़ने शुभमन को चाहिये तीन शतक



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आजकल इंग्लैंड दौरे में छाये हुए हैं। शुभमन ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया है। इससे उनके शतकों की संख्या अब सात हो गयी है। इस प्रकार देखा जाये तो शुभमन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 शतकों के साथ ही सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने इस चैंपियनशिप में कुल 9 शतक जड़े हैं। उन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। वहीं शुभमन जिस प्रकार खेल रहे हैं उससे वह पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में रोहित की बराबरी कर सकते हैं या उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। शुभमन अगर दो शतक लगा दें तो रोहित की बराबरी पर आ जाएंगे। वहीं तीन शतक से उन्हें पीछे छोड़ देंगे। भारत की ओर से ऋषभ पंत के नाम 6 हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। वहीं डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज की सूची में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 18 शतकों के साथ टॉप पर हैं। वहीं रूट के अलावा कोई बल्लेबाज अभी तक 15 शतक से आगे नहीं आ पाया है। वहीं 13 शतकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में रुट 18 शतक के साथ पहले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 13 शतकों के साथ ही दूसरे व ऑस्ट्रेलिया के ही मार्नस लाबुशेन 11 शतक लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। भारत के रोहित 9 शतक के साथ ही चौथे नंबर पर हैं जबकि श्रीलंका के डी सिल्वा 8 शतक सके साथ ही पांचवें नबर पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 8 शतक के साथ ही छठे जबकि ऑस्ट्रेलिा के उस्मान ख्वाजा के भी 8 शतक हैं और वह भी छठे नंबर पर है।

## भारत-पाक तनावों के बीच क्या पाकिस्तान की टीम भारत खेलने आएगी या नहीं? पीसीबी का बयान आया सामने

**जाग्रेब, क्रोसिया (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीमों का इस साल भारत में होने वाले दो बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना अभी भी तय नहीं है। पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें अब तक सरकार से टूर्नामेंट में भाग लेने की इजाज़त नहीं मिली है।गौरतलब है कि इस साल एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।




भारत के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान की टीमों को इन बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा कोई भी फैसला ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। यानी भारत की तरफ से पाकिस्तान की टीमों को आने से रोकने की कोई योजना नहीं है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) से भारत में टीम भेजने की मंजूरी मांगी है। लेकिन अब तक इस पर कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पीएसबी ने उनका अनुरोध आगे संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है।

पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक सरकार भारत में टीम भेजने को लेकर कोई नीति नहीं बनाती, तब तक पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि पीएचएफ की तरफ से जो अनुरोध आया था, उसे अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेजा गया है, और वहां से यह मामला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के पास भेजा गया है। अब सभी को उनके अंतिम फैसले का इंतजार है। यानी फिलहाल पाकिस्तान की हॉकी टीमों की भारत यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर संशय बना हुआ है, और सबकी नजर अब पाक सरकार के फैसले पर टिकी है।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर समेटा

**–ख्वाजा ने पूरे किये 6000**

**सेंट जॉर्ज (एजेंसी)।** अल्जारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर ही आउट कर दिया। इस मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एलेक्स कैरी और बीयू वेबस्टर ही अर्धशतक लगा पाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस मैच में 16 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 16वें बल्लेबाज हैं। ख्वाजा ने 83 टेस्ट की 149 पारियों में से रन बनाये हैं। वहीं स्टीव स्मिथ केवल 3 रन ही बना पाये।

बारिश से बाधित इस मैच में मेजबान गेंदबाज हावी रहे। अल्जारी ने 16 ओवर में 61 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं जेडन सील्स ने दो विकेट हासिल किये जबकि शमार जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जस्टनी ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला।

बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष बल्लेबजा विफल रहे। सलामी बल्लेबाज ओपनर सैम कांस्टास ने 25, उस्मान ख्वाजा ने 16 और कैमरन ग्रीन ने 26 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाये। छठे नंबर पर उतरे बीयू वेबस्टर ने 60 रन की पारी खेलकर पारी संभाली। सातवें नंबर के उतरे एलेक्स कैरी ने 63 रन बनाये। इननों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस ने भी 17 रन जबकि. नाथन लायन ने 11 और जोश हेजलवुड ने 10 रन बनाए।



## 'मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है', गुकेश से हारने के बाद बोले वर्ल्ड नम्बर 1 कार्लसन

जगरेब (क्रोसिया)। विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।' उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।' सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया। गुकेश ने दिन की शुरुआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली। लेकिन इसके बाद सबसे बड़े मुकाबले में गुकेश ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की। गुकेश की यह जीत इसीलिए भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड मे कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है। गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है, जिससे उनके विरोधियों पर लगातार दबाव बना हुआ है। अब टूर्नामेंट में तीन राउंड बाकी हैं और गुकेश फिलहाल सभी को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर काबिज हैं।



## शुभमन की पारी से गर्व का अनुभव कर रहे उनके मेंटोर युवराज

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह आजकल बेहद खुश हैं। युवराज की खुशी का कारण उनके शिष्य और भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन है। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया है। युवराज ने कहा कि उसने बल्लेबाजी को बेहद आसान बना दिया है। युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को कोचिंग दी थी। युवराज ने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया में लिखा, ''शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर उसने सब कुछ इतना आसान बना दिया। शानदार खेला और दोहरे शतक का अधिकारी था, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता।'' वहीं दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने ने भी शुभमन की सराहना की है। अश्विन ने लिखा, ''शुभमन का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत सहायता मिलेगी। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, ''शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई। शानदार खेल दिखाया!''



## राष्ट्रपति ने डूरंड कप फुटबॉल 2025 ट्रॉफी का अनावरण करने के साथ ही खेलों का महत्व बताया

**–अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को मिलता है बढ़ावा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एक भव्य समारोह में डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की ताकत है। इसी कारण हम इसे राष्ट्रीय एकीकरण का भी एक साधन मानते हैं। इसी कारण ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि इससे फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए भी एक मंच मिलता है। जिसपर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धैर्य और एक साझा लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में बताता है।

डूरंड कप का 2025 संस्करण इसी माह 15 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड के छह स्थानों पर खेला जाएगा। असम के कोकराझार में लगातार तीसरे साल डूरंड कप होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट ने 2019 में अपना घरेलू मैदान नई दिल्ली से कोलकाता में स्थानांतरित कर दिया था और लगातार छठे संस्करण के लिए यह बना रहेगा। डूरंड कप ने देश की प्रमुख प्रतियोगिता के रूप में स्थापित कर लिया है, तथा इसमें भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 24 हो गई है, जिसमें सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमों की भागीदारी भी शामिल है। यह टूर्नामेंट इस मायने में खास है कि इसमें सेना की टीमें भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ मुकाबला करती हैं और पिछले कुछ संस्करणों में पड़ोसी देशों की सेना टीमों के साथ विदेशी भागीदारी भी देखी गई है।



## चारों ओर है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था डरने की जरूरत नहीं, बेखौफ करें बाबा के दर्शन

जम्मू (एजेंसी)। पहलगाम हमले ने कश्मीर के टूरिज्म को काफी प्रभावित किया। अब ऐसे में लोगों की निगाहें अमरनाथ यात्रा पर थी कि क्या इस बार भी यात्रा करने लोग आएंगे या नहीं। 38 दिनों की यह तीर्थयात्रा गुरुवार से शुरू हो गई है और पहले दिन ही बाबा अमरनाथ के दर्शन 12 हजार से ज्यादा लोगों ने किए। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि तीर्थयात्रा के पहले दिन कुल 12,348 तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें पहले दिन इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने की उम्मीद नहीं थी। खासकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद। इस साल सुचारू तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय किए गए हैं। उन्होंने लोगों से बिना किसी डर के यात्रा पर आने का आग्रह किया और कहा कि चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण डरने की जरूरत नहीं। एक तीर्थयात्री ने कहा कि बहुत अच्छे इंतजाम हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं। तीर्थयात्रियों में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी शामिल हैं, जो बालटाल के रास्ते बाबा बर्फानी के दर्शन करने जा रही हैं। सरकार ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं सुरक्षा तय करने के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों जवानों को तैनात किया गया है। तीर्थयात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा।

## जम्मू में केंद्रीय मंत्री शिवराज ने निभाई मुहर्रम की परंपरा, लोगों को पिलाया शरबत

जम्मू (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुहर्रम की परंपरा के चलते जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध लाल चौक पर लोगों को गुरुवार को शरबत पिलाया। कश्मीर के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए शिवराज ने शहर के वाणिज्यिक केन्द्र लाल चौक पर राहगीरों को शरबत वितरित किया। मुहर्रम इस्लामी कलैंडर का पहला महीना है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पत्रकारों से बात में कहा कि लोगों को शरबत पिलाना मुहर्रम परंपरा का हिस्सा बनना एक दिल को छू लेने वाला अनुभव था। उन्होंने मुस्लिम समाज के वंचित वर्गों के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में करीब पांच लाख लोग ऐसे हैं, जिनके पास पक्के मकान नहीं हैं। पीएम आवास योजना के तहत उन सभी को पक्का घर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि सरकार का मिशन महिलाओं को सशक्त और उन्हें लखपति दीदी बनाना है।

## बिहार में महिला मतदाताओं को साधेगी कांग्रेस, 5 लाख सेनेटरी पैड बांटेगी

पटना (एजेंसी)। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने राज्य की मौजूदा सरकार को घेरा और पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी राज्य में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इस सेनेटरी पैड के कवर (डिब्बे) पर राहुल गांधी की तस्वीर है। राजेश कुमार ने कहा, बिहार के परिपेक्ष्य में महिलाओं के लिए हमने विशेष तैयारी की है। राज्य की महिलाओं को सेनेटरी पैड मिलेगा। ये सेनेटरी पैड प्रत्येक महिला तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए हम अभियान चलाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटना है। महिला कांग्रेस हेल्थ के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी। हालांकि, बीजेपी ने सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की फोटो पर ऐतराज जाहिर किया है। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर बिहार की महिलाओं का अपमान है। कांग्रेस एक महिला विरोधी पार्टी है। बिहार की महिलाएं कांग्रेस, आरजेडी को सबक सिखाएगी।

## बुजुर्ग ने नहीं मानी लोगों की बात, बारिश में पुलिया पार करते समय बहने से मौत

भीलवाड़ा (एजेंसी)। राजस्थान में लगातार हो रही बारिश के बीच भीलवाड़ा जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। चोहली गांव के पास बनास नदी पार करने की कोशिश में एक 60 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान खाखुदा गांव निवासी शंकर लाल के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब शंकर लाल चोहली से रामगढ़ की ओर जा रहे थे और उन्होंने नदी के पुलिया को पैदल पार करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बनास नदी की पुलिया पर करीब चार फीट तक पानी बह रहा था। वहां मौजूद लोगों ने शंकर लाल को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने चेतावनियों को नहीं माना। जैसे ही वे पुलिया पर चढ़े, तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ा और पानी में बह गए। वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि वह बहते-बहते एक पेड़ को पकड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही पलों में तेज धारा उन्हें बहा ले जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की मदद से बुजुर्ग का शव बरामद किया है। यह हादसा अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप मामले में पुलिस ने क्राइम सीन रीक्रिएट किया

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता पुलिस ने लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ लॉ कॉलेज पहुंची थी। तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। क्राइम सीन रीक्रिएट करने की प्रक्रिया को पूरा करने में पुलिस को करीब चार घंटे लगे। इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया।

# महिला को मिल सकती है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान, तीन नामों पर चर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भाजपा में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही खींचतान के बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में महिला मतदाताओं को लुभाने में सफलता पाई है।

विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह सफलता मिली है। बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं। सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस विचार को समर्थन दिया है कि भाजपा को अब एक महिला को शीर्ष नेतृत्व में लाना चाहिए। यह कदम 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की भावना के अनुरूप भी होगा, जिसका प्रभाव अगले परिसीमन के बाद लोकसभा में दिखेगा।

वर्तमान वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी संगठन में गहरी पैठ और केंद्र सरकार में लंबे अनुभव के चलते सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की थी। उनका दक्षिण भारत से आना भाजपा के दक्षिण विस्तार रणनीति के लिए भी फायदेमंद माना जा रहा है। आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी काफी अनुभवी और बहुभाषी नेता हैं। कई राजनीतिक दलों के साथ काम करने का अनुभव और पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक अभियान का हिस्सा भी बनाया गया था। तमिलनाडु की कोयंबटूर दक्षिण सीट से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी वनाथी श्रीनिवासन 1993 से भाजपा से जुड़ीं और संगठन में कई पदों पर रही हैं। 2022 में केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं और ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता।

## यूपी में बारिश से कई नदिया उफान पर, गंगा में डूबा महादेव मंदिर

**-बरसाती नदी में अचानक तेज पानी आने से बाइक सवार बहा, लोगों ने बचाया**

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में बारिश से नदियां उफान पर हैं। वहीं वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा नदी में आधे से ज्यादा डूब गया है। हरिश्चंद्र घाट भी डूब गया। इसके चलते शवदाह स्थल की जगह बदली गई है। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा स्थान डूब गए हैं। काशी में गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है। गुरुवार रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर था। वहीं खतरे का निशान 71.262 है। शुक्रवार सुबह सहारनपुर में बरसाती नदी में तेज पानी आ गया। उसी समय नदी पार कर रहा बाइक सवार युवक बह गया। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। वहीं, लखनऊ में भी दोपहर को तेज बारिश शुरू हो गई। हजरतगंज इलाके में दिन में अंधेरा छा गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 4 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश लखीमपुर खीरी में 245.9 मिमी हुई। प्रदेश में 2.7 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 5.7 मिमी से 53 फीसदी कम है। वहीं एक जून से अब तक प्रदेश में 133.2 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य 122.5 मिमी से 18 फीसदी ज्यादा है। 5 जुलाई को यूपी के अधिकतर जिलों में हल्की से भारी बारिश की संभावना है। कहीं-कहीं पर बिजली भी गिर सकती है। 6 जुलाई को पश्चिमी यूपी के सभी जिलों में बारिश हो सकती है।

## किसी की विचारधारा पसंद नहीं आने पर उसे नक्सली कहने का चलन बढ़ा



**-शरद पवार ने शिवसेना की एमएलसी मनीषा की टिप्पणी का दिया जवाब**

मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि अगर किसी का काम या विचारधारा पसंद नहीं आए तो उसे नक्सल करार देने का चलन बढ़ गया है। पवार ने शिवसेना की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) मनीषा कायंदे की टिप्पणी पर यह बात कही। बता दें मनीषा कायंदे ने बुधवार को विधान परिषद में दावा किया था कि अर्बन नक्सलियों ने वारी वार्षिक तीर्थयात्रा में घुसपैठ की है और वे वारकरियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

पवार ने कहा कि मुझे इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन जिन दो संगठनों के नाम मीडिया के जरिए सामने आए हैं, उनमें से एक है लोकायत। मैंने लोकायत का काम देखा है। पवार ने कहा कि इस संगठन का दृष्टिकोण आधुनिक है और पिछले कई सालों से रूढ़िवादिता के खिलाफ काम कर रहा है। वे नक्सली नहीं हैं। अगर किसी का काम या विचारधारा स्वीकार नहीं है तो उसे नक्सली करार देने का चलन बढ़ रहा है। एनसीपी प्रमुख पवार ने कहा कि पुणे में एल्गार परिषद और कोरेगांव भीमा में जाति हिंसा के बाद माओवादियों के साथ संबंध रखने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। उन्होंने दावा किया कि यहां भी यही हो सकता है आज, राज्य सरकार उन विचारधाराओं के लिए लोगों को नक्सली करार दे रही है, जो उसे स्वीकार नहीं। पवार ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा 5 जुलाई यानी शनिवार को आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेगी जिसमें तीन नीति के मुद्दे पर जीत का जश्न मनाया जाएगा।

# मौलाना तौकीर रजा ने कहा, मुसलमान को अपनी पहचान भी नहीं छुपानी चाहिए

**-योगी सरकार के नेम प्लेट लगाने के फरमान को सही बताया**



बरेली (एजेंसी)। मुजफ्फरनगर सहित यूपी के हर जिले में कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली दुकानों, रेस्टोरेंट और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने का फरमान जारी हुआ है। हालांकि, इसकी तस्दीक करने के लिए मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठन काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस पर विवाद हो रहा है। इस बीच बरेली के मौलाना तौकीर रजा ने भी मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक ओर योगी सरकार के फैसले का समर्थन किया है। वहीं दूसरी ओर हुड़दंग मचाने वाले कावड़ियों को आतंकवादी कह दिया है।

रजा ने कहा कि जिस प्रकार से मुसलमान दाढ़ी और टोपी रखते हैं, उस प्रकार से हिंदू तिलक नहीं लगाते हैं, सच्चे सनातनी हो, तब तिलक जरूर लगाओ और अपनी पहचान बताओ। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश दिया है, वहां इस बात का समर्थन करते हैं, क्योंकि आस्था के मामले में किसी किस्म की छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। बकौल तौकीर रजा ने कहा कि नेम प्लेट से शिनाख्त तक ठीक है, लेकिन पैंट उतरवाकर चेक करना ये जायज नहीं है।

रजा ने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश जारी किया है, उसकी मंशा कुछ भी रही है, यकीनन मकसद सिर्फ नफरत फैलाने का ही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुसलमान को अपनी पहचान भी नहीं छुपानी चाहिए। उन्हें अपनी दाढ़ी, टोपी और लिबास से दिखा देना चाहिए कि वह एक मुसलमान है और सच्चा हिंदुस्तानी है। तौकीर रजा ने कहा कि जब कोई ठाकुर साहब, किसी पंडित जी को खून की जरूरत पड़ती है, तब वह ब्लड बैंक से जो खून लेता है, उस पर कोई नेम प्लेट लगाने का काम क्यों नहीं होता है। पंडित/ठाकुर की रगों में किसी दूसरे का खून चढाया जाता है, तब इससे उसका धर्म भ्रष्ट नहीं होता है क्या। इसलिए ब्लड बैंक में बाकायदा हर बोतल पर नेम प्लेट होनी चाहिए, जैसे खाने-पीने की दुकान पर लगाई जा रही है। मालूम हो कि बीते दिनों मुजफ्फरनगर के स्वामी यशवीर महाराज के लोगों पर आरोप लगा कि उन्होंने पहचान सुनिश्चित करने के लिए एक ढाबे वाले की पैंट उतरवाने की कोशिश की।

## पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को भारत में घुसने नहीं देंगे-मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

बरेली। आगामी अगस्त और सितंबर माह में बिहार में होने वाले एशिया हॉकी कप में पाकिस्तान की टीम को बुलाने का विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इसका विरोध किया है। मौलाना बरेलवी ने कहा है कि खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को बुलाने का जो फैसला किया है, उस पर पुनर्विचार करना चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि यह खिलाड़ी भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान से आ रहे हैं, जिसने पहलगाम में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में जंग हुई। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उसके तहत पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। उस वक्त यही पाकिस्तान के खिलाड़ी, कलाकार, लेखक भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे। ऐसी सूरते हाल में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को कैसे कबूल कर लें। इन खिलाड़ियों को भारत किसी भी सूरत में नहीं आने देना चाहिए। मौलाना ने एलान करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान से खिलाड़ी भारत आए तो इनको बिहार की सरजमीं पर खेलने नहीं दिया जाएगा। पूरे भारत में मुसलमानों के साथ-साथ अन्य दूसरे समुदायों को साथ में लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर सोशल मीडिया का दुरुपयोग फैशन हो गया: हाईकोर्ट




प्रयागराज (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और भारतीय सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि लोगों के कुछ समूहों के बीच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना एक फैशन बन गया है। अदालत ने कहा कि उच्च गणमान्य व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना कुछ लोगों के समूहों के बीच एक फैशन बन गया है। ऐसे पोस्ट से सौहार्द बिगड़ता है और लोगों के बीच घृणा पैदा होती है।

न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने अशरफ खान नाम के व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी। साथ यह भी कहा कि संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं है कि कोई उच्च गणमान्य व्यक्तियों का अपमान करे और नागरिकों के बीच सौहार्द बिगाड़े। आरोपी अशरफ खान उर्फ निसरत के खिलाफ हाथरस जिले के ससनी पुलिस थाना में बीएनएस की धारा 152 (भारत की संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डालने वाला कृत्य) और 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप और दावे) के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि अशरफ खान ने हाल ही में भारत पाकिस्तान के बीच टकराव के दौरान अपनी फेसबुक आईडी पर संपादित वीडियो अपलोड किए। एक पोस्ट में पाकिस्तानी वायुसेना जिंदाबाद कहा गया है और भारतीय विमान को पाकिस्तानी विमान द्वारा मार गिराया जा रहा है। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अन्य आपत्तिजनक पोस्ट भी किए गए। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उसका मुवक्किल निर्दोष है और आपत्तिजनक पोस्ट उसके द्वारा आगे नहीं बढ़ाए गए, यद्यपि ये पोस्ट उसके मोबाइल में पाए गए। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि सोशल मीडिया पर कथित पोस्ट ने भारत के लोगों के बीच सौहार्द बिगाड़ा और भारतीय सेना और वायुसेना का अपमान भी किया गया। इसलिए याचिकाकर्ता को जमानत देने का आधार नहीं बनता।

## चौंकाने वाला खुलासा: खतरनाक प्रदूषण के कारण 13 फीसदी महिलाओं का हो जाता है गर्भपात



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में बढ़ता प्रदूषण मानव के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है। यहां 13 फीसदी गर्भवती महिलाओं का समय से पहले ही गर्भ गिर जाता है। इसके अलावा 17 प्रतिशत कम वजनी बच्चे पैदा होने का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान तथा ब्रिटेन और आयरलैंड के संस्थानों के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 और दूर संवेदी डाटा 2019-21 का अध्ययन करके गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से प्रसव परिणामों पर प्रभावों का विश्लेषण किया।

अध्ययन टीम ने पाया कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण प्रदूषण) के अधिक संपर्क में रहने से जन्म के समय कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की आशंका 40 प्रतिशत तथा समय से पहले प्रसव की आशंका 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। जलवायु परिस्थितियों जैसे वर्षा और तापमान का प्रतिकूल जन्म परिणामों से अधिक गहरा संबंध पाया गया। प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, भारत के उत्तरी जिलों में रहने वाले बच्चे परिवेशीय वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं।

अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, ऊपरी गंगा क्षेत्र में पीएम 2.5 प्रदूषकों का स्तर अधिक है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य शामिल हैं, जबकि देश के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में इसका स्तर कम है। अध्ययन के मुताबिक समय पूर्व जन्म के अधिक मामले उत्तरी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश (39 प्रतिशत), उत्तराखंड (27 प्रतिशत), राजस्थान (18 प्रतिशत) और दिल्ली (17 प्रतिशत) में सामने आते हैं। मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में समय पूर्व बच्चों के जन्म के सबसे कम मामले सामने आए हैं।

**पंजाब में कम वजन वाले बच्चे सर्वाधिक**

पंजाब में जन्म के समय मानक से कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की दर सबसे अधिक 22 प्रतिशत पाई गई। इसके बाद दिल्ली, दादरा और नगर हवेली, मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। शोधपत्र लेखकों ने कहा कि इस मानदंड पर पूर्वोत्तर भारत के राज्यों का प्रदर्शन कहीं बेहतर है। अध्ययन में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और कंप्यूटर आधारित भौगोलिक आकलन से प्राप्त आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया।

# नहीं थम रहीं विमानों की आपात लैंडिंग, तकनीकी खराबी या कुछ और उठ रहे सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद विमान हादसे से लगातार विमानों की आपात लैंडिंग के मामले सामने आ रहे हैं। अभी ताजा मामला दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-103 का है, जो कि तकनीकी खराबी के चलते विएना में आपात लैंड हुआ। बताया जा रहा है कि यह रुकावट ईंधन भरने के निर्धारित ठहराव के दौरान हुई, जब विमान की जांच में एक्सटेंडेड मेंटेनेंस टास्क यानी विस्तृत रखरखाव कार्य की जरुरत पाई गई। वैसे अब इस पर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या बमों की धमकी और विमानों में आ रही खराबी ही प्रमुख कारण है आपात लैंडिंग का, या कोई और कारण भी हो सकता है?

फिलहाल विएना आपात लैंडिंग मामले में एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विएना में तय ईंधन स्टॉप के दौरान, एक जरूरी मेंटेनेंस टास्क का पता चला, जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान को वहीं रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 2 जुलाई को दिल्ली से रवाना हुई फ्लाइट को विएना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भराई के समय विस्तृत तकनीकी जांच में गंभीर खराबी की जानकारी मिली, जिसे तुरंत ठीक नहीं किया जा सकता था। इसलिए एयरलाइन ने फ्लाइट को रद्द करने का निर्णय लिया। वॉशिंगटन डीसी जा रहे सभी यात्रियों को विएना में सुरक्षित उतार लिया गया है। जिन यात्रियों के पास वैध शेंगेन वीज़ा या वीज़ा-मुक्त प्रवेश पात्रता थी, उन्हें विएना में होटल में ठहरने की सुविधा दी गई जिन यात्रियों के पास प्रवेश की अनुमति नहीं थी, उनके लिए ऑस्ट्रियाई इमिग्रेशन और सुरक्षा एजेंसियों से मंजूरी मिलने तक एयरपोर्ट पर ठहरने की व्यवस्था की गई है।

एयर इंडिया ने यात्रियों को वॉशिंगटन के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया और राशि रिर्टन का विकल्प भी दिया। इसके अलावा वॉशिंगटन डीसी से दिल्ली लौटने वाली वापसी उड़ान एआई-104 को भी रद्द कर दिया गया। इस फ्लाइट के यात्रियों को भी अन्य फ्लाइट्स में शिफ्ट किया गया और उनकी प्राथमिकता के मुताबिक रिफंड भी दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि हमें असुविधा के लिए खेद है, लेकिन यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बता दें एयर इंडिया और उसकी सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस हर दिन 1100 से ज्यादा उड़ानें संचालित करती हैं, जिनमें औसतन 1.5 लाख यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने माना कि हाल के दिनों में उसे हवाई क्षेत्र की बंदिशें, यूरोप और पूर्वी एशिया में एयरपोर्ट की पाबंदियां और एयर ट्रैफिक की भीड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसी के चलते एयर इंडिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह स्वेच्छा से अपनी फ्लाइट्स की पूर्व-उड़ान जांच को और सख्त बनाएगी।




बहरहाल लगातार विमानों की आपात लैंडिंग से सवाल उठने शुरु हो गए हैं, जिस पर ध्यान देना भी आवश्यक हो गया है। इससे जहां विमान कंपनियों को आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है वहीं इनकी साख पर भी असर पड़ा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**